दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 71
कोटद्वार बुधवार
5 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हक–हकूधारियों का 8 जुलाई को चोपता, तुंगनाथ बंद का ऐलान

**रुद्रप्रयाग।** चोपता पटवाड़ा–तुंगनाथ पैदल मार्ग को केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के सेंचुरी क्षेत्र से बाहर करने की मांग को लेकर तुंगनाथ घाटी के हक हकूकधारियों, कारोबारियों ने आंदोलन की चेतावनी दे डाली है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो, तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ से जुड़े सभी हक हकूकधारी, व्यापारी घोड़ा–खच्चर संचालक, जीप–टैक्सी यूनियन 8 जुलाई को चोपता और तुंगनाथ पूर्ण बंद करने के लिए मजबूर होंगे। इस बावत उन्होंने डीएम को ज्ञापन भी दिया है। चोपता, तुंगनाथ के हक– हकूकधारियों का कहना है कि 14 दिसंबर 2017 को केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने सेंचुरी क्षेत्र के संबंध में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें आपत्तियां मांगी गईं थी। तब निर्धारित 60 दिनों में ही वन पंचायत संघर्ष समिति मक्कू, पाव–जगपुड़ा ने अपनी आपत्ति केंद्र सरकार को भेज दी थी, किंतु 2018 से अभी तक चोपता पटवाड़ा–तुंगनाथ पैदल मार्ग को सेंचुरी क्षेत्र से बाहर नहीं किया गया है। इसका खामियाजा इसके हक हकूकधारी व व्यापारी भुगत रहे हैं। सेंचुरी के कारण चोपता तुंगनाथ तीर्थयात्री पैदल मार्ग पर बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्थानीय शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो, 8 जुलाई को क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि, तृतीय केदार की यात्रा से जुड़े कारोबारी और हक हकूकधारी ऊखीमठ से चोपता होते हुए तुंगनाथ तक सभी सेवाएं बंद रखेंगे।

# उत्तराखंड के विकास में सीएम धामी के प्रयासों को पीएम का समर्थन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके निर्देशन में उत्तराखण्ड राज्य ईज ऑफ डुईंग बिजनेस, निवेश प्रोत्साहन और स्टार्टअप क्षेत्र में निरंतर विकास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के उद्देश्य से दिसम्बर 2023 के द्वितीय सप्ताह में देहरादून में "वैश्विक निवेशक सम्मेलन–2023" आयोजित किया जाना प्रस्तावित है मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री जी को उत्तराखण्ड निवेशक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आमन्त्रित करते हुए कहा कि उनके



मार्गदर्शन में निवेशक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को बाबा नीब करौरी जी का चित्र और उत्तराखंड का बासमती चावल भेंट किया। किच्छा खटीमा रेलवे स्टेशन की लागत केंद्र से वहन करने का अनुरोध मुख्यमंत्री ने कहा कि किच्छा खटीमा रेलवे स्टेशन प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1546 करोड़ है। राज्य की वित्तीय स्थिति को देखते हुये उन्होंने सम्पूर्ण लागत केन्द्र सरकार द्वारा वहन किये जाने का अनुरोध किया। अमृतसर–कोलकाता इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर के अन्तर्गत सैद्धान्तिक रूप से सहमत इण्डस्ट्रीयल पार्क हेतु केन्द्र सरकार के अंश लगभग रू0 410 करोड़ को अवमुक्त किये जाने का अनुरोध भी मुख्यमंत्री ने किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बाह्य सहायतित परियोजनाओं की ऋण सीमा को पूर्ववत् रखे जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा

### प्रधानमंत्री को निवेशक सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया

कि भारत सरकार वित्त मंत्रालय द्वारा बाह्य सहायतित परियोजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2025–2026 तक के लिये ऋण सीमा को 12652 करोड़ रूपये तक सीमित कर दिया गया है। जिसके कारण राज्य के लिये महत्वपूर्ण नई परियोजनाओं के प्रस्तावों को बाह्य सहायतित परियोजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित करना कठिन हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 07.03.2023 को आयोजित पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में संस्तुति प्रदान की गई। जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना की वित्तीय स्वीकृति आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी द्वारा प्रदान की जानी है।

मुख्यमंत्री ने पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता के लिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के पूंजीगत व्यय को 30 सितम्बर ( 6 माह की अवधि) तक 45 प्रतिशत अनिवार्य रूप से व्यय करने की शर्त में शिथिलता प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून एवं ऋषिकेश में यातायात को सुव्यवस्थित करने हेतु देहरादून के मुख्य रेलवे स्टेशन को हर्रावाला शिफ्ट किया जाने एवं ऋषिकेश के अन्तर्गत पुराने रेलवे स्टेशन की भूमि राज्य सरकार को हस्तान्तरित किये जाने का प्रस्ताव को स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से 1546 करोड़ की अनुमानित लागत के किच्छा खटीमा रेलवे स्टेशन, रेलवे प्रोजेक्ट के राज्य की वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध प्रधानमंत्री से किया।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार के अन्तर्गत भारत सरकार पीएसयू भेल के पास लगभग 457 एकड़ भूमि वर्तमान में किसी उपयोग में नहीं लायी जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री से हरिद्वार में औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण की सम्भावनाओं के दृष्टिगत् यह भूमि राज्य सरकार को हस्तान्तरित किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को ॅरळ ए१ं के उपरान्त हिमाचल सहित औद्योगीकरण को बढ़ावा दिये जाने हेतु क्ळ्र की स्कीम लॉच की गयी थी। जिसके लाभार्थियों की कैपिटल सब्सिडी अवमुक्त नहीं की गयी है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस अति लोकप्रिय स्कीम (लगभग 1585 ईकाईयां, 1600 करोड़ की सब्सिडी एवं लगभग 7000 करोड़ का प्रत्यक्ष निवेश) को अगले 5 वर्षों हेतु पुनः लागू किया जाय।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जी के निर्देश के क्रम में राज्य सरकार द्वारा सचिव मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 04 सदस्य टीम द्वारा गुजरात के गुड गवर्नेंस मॉडल का अध्ययन किया गया। इससे प्रेरणा पाते हुये राज्य में गुजरात के स्वागत मॉडल की तरह सीएम शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया गया। अब हर किसी शिकायत को एंड टू एंड डिजिटलीकरण किया गया है। जिससे हर शिकायत की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जा रही है। शिकायतों के निवारण की गुणवत्ता को परखने हेतु स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा 10 परिवादियों से सीधे वार्तालाप की जा रही है।

# मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को राहत

**रांची।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट में रांची एमपी झ्र एमएल कोर्ट द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। एकल पीठ के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने सुनवाई के बाद निचली



अदालत के आदेश पर रोक लगा दी। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है।

अब राहुल गांधी से जुड़े मामले की सुनवाई 16 अगस्त को होगी। झारखंड उच्च न्यायालय के इस आदेश से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिरी नहीं लगानी पड़ेगी। राहुल गांधी की ओर से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर रॉय ने पक्ष रखा था।

उल्लेखनीय है कि रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया था जिसपर रांची एमपी–एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने सीआरपीसी(कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर) की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद इस मामले को लेकर राहुल गांधी झारखंड उच्च न्यायालय पहुंचे थे।

# सीएम की कुर्सी पर धामी को हुए दो साल

## जबरन धर्मांतरण रोकने को सख्त कानून समेत लिए कई बड़े फैसले

**देहरादून।** मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पुष्कर सिंह धामी को दो साल पूरे हो गए हैं। अपने कार्यकाल में धामी ने कई बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण, नकल विरोधी कानून और महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का फैसला भी इन दो साल के कार्यकाल में लिया गया।



मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत के हटने के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व ने पुष्कर सिंह धामी को कुर्सी सौंपी थी। धामी के नेतृत्व में ही भाजपा ने 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा और भाजपा को लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी कर एक मिथक को तोड़ा। भले ही धामी खटीमा विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे। लेकिन भाजपा ने सीएम की बागडोर दी। चंपावत से उप चुनाव लड़ कर धामी ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट में समान नागरिक संहिता को लेकर विशेषज्ञ कमेटी बनाने का निर्णय लिया।



# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा में हुआ पौधारोपण



रुद्रप्रयाग। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा में मुख्य शिक्षा अधिकारी, पर्यावरण प्रेमी एवं संस्थान के शिक्षकों, नव प्रवेशी प्रशिक्षुओं द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर अनेक प्रजाजि के करीब 85 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी सतेंद्र भंडारी की पहल पर मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं डायट के प्राचार्य विनोद कुमार सिमल्टी के निर्देशन में संस्थान के शिक्षक एवं प्रशिक्षुओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान परिसर के साथ ही इसके सीमा में 50 शोभादार, 30 अशोक एवं 15 फाईकस के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। डायट के प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में विद्यालयों को हाइटेक करने के उद्देश्य से डायट में अनेकों नवाचारी पहल में पर्यावरण की नवाचारी पहल शिक्षक सतेंद्र भण्डारी की पहल को नव प्रवेशी बच्चों के नाम पर पौध रोपण की मुहिम को जोड़ा गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के नाम पर संस्थान परिसर में शोभादार पौधों का रोपण किया है। जिसकी जिम्मेदारी प्रत्येक प्रशिक्षु हो दी गई है। डायट के प्राचार्य विनोद सिमल्टी ने कहा कि पौधारोपण आज की महत्वपूर्ण जरूरत बन गई है। प्रत्येक व्यक्ति को पौध रोपण करने के साथ ही रोपित पौधों कि सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे।

## पीजी कॉलेज में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

नई टिहरी। समर्थ पोर्टल के माध्यम से पीजी कॉलेज नई टिहरी में प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया की समाप्ति के पश्चात कॉलेज में नवीन प्रवेश प्रक्रिया हेतु छात्रों को शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति जमा करने को कहा गया है। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीपीएस भंडारी ने बताया कि वर्ष 2023–24 में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर में 325 छात्र–छात्राओं ने आवेदन किया है। बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये जिन छात्र–छात्राओं ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया है, उन्हें ई मेल के माध्यम से सूचना प्रेषित की गई है, साथ ही महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर संबधिंत सूचना चस्पा की गई है। उन्होंने प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वालों छात्रों से यथाशीघ्र अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति महाविद्यालय कार्यालय में जमा करने को कहा है,जिससे प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया शुरु की जा सके।

# मार्ग बंद होने से गुस्साए ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को घेरा



विकासनगर। एक माह से अधिक समय से बंद पड़े कुन्ना–टिपराड़ मोटर मार्ग के नहीं खुलने से गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग लागापोखरी पहुंचकर अधिशासी अभियंता का घेराव किया। अधिशासी अभियंता द्वारा 20 जुलाई तक मार्ग ठीक करवाने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। घेराव करने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि 31 मई को हुई बारिश के दौरान मागटी पोखरी ककनोई मोटर मार्ग से कटे छह किलोमीटर लंबे कुन्ना–टिपराड़ मोटर मार्ग यातायात के लिए बाधित हो गया था। कई जगह मार्ग पर मलबा आ जाने और भू कटाव होने से यातायात ठप पड़ा हुआ है। बताया कि कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं। विभागीय उपेक्षा और मार्ग बंद होने से हो रही परेशानियों को देखते हुए अधिशासी अभियंता के घेराव को मजबूर होना पड़ा। कहा कि इन दिनों टमाटर, बींस, धनिया, शिमला मिर्च, आलू, दालें आदि नगदी फसल हो रही हैं। एक माह से मार्ग बंद पड़ा होने से ग्रामीण को ढाई किलोमीटर पैदल चलकर या खच्चरों के माध्यम से सड़क तक अपनी फसल पहुंचा रहे हैं, जिससे उन्हें अधिक धन ख़र्च करना पड़ रहा है। कई बार समय से मंडी तक फसल न पहुंचने पर उनकी फसल खराब हो जाती है। कहा कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतान पड़ रहा है। उन्होंने बंद पड़े मार्ग पर जल्द यातायात बहाल करने की मांग की। घेराव करने वालो में भोपाल सिंह चौहान, विक्रम सिंह, रणवीर सिंह, बलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

# तैयारियों में जुटा चुनाव आयोग

चमोली। संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ दीपक सैनी ने 1 जनवरी 2024 के अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर वर्ष में 4 तिथियां 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1जुलाई, 1अक्टूबर निर्धारित की हैं। इन अर्हता तिथियों को जो नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों या कर चुके हों के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने, मृत एवं अन्यत्र निवास करने वाले मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से विलोपित करने एवं किसी मतदाता की निर्वाचक नामावली में गलत प्रविष्ट का सुधार किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु प्रारूप–6,वर्तमान नामावली में नाम हटाने हेतु प्रारूप 7, मतदाता सूची में अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने तथा दिव्यांग व्यक्तियों को मार्क करने हेतु प्रारूप 8 भरकर आवेदन करना होगा। कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाए जाने हेतु मतदेय स्थलों पर तैनात बीएलओ द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त तक अपने मतदेय स्थलों के अर्न्तगत निवासित मतदाताओं के घर–घर जाकर सत्यापन, मतदेय स्थलों को भौतिक सत्यापन 22 अगस्त से 29 सितम्बर तक, एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 17 अक्टूबर को, दावे एवं आपतियां दाखिल करने की तिथि 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक, विशेष अभियान 4, 5 नवम्बर व 25, 26 नवम्बर, दावे एवं आपतियों का निस्तारण 26 दिसम्बर तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा।

## अधिवक्ता 15 तक दें जानकारी

देहरादून। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन देहरादून को बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड ने पत्र भेजा है। इ

समें बार कौंसिल ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ताओं के मेडिकल और टर्म इंश्योरेंश करवाया जाना है, इसका प्रस्ताव तैयार करने के लिए कुछ सूचनाएं मांगी गई है, जिसमें बार एसोसिएशन के पंजीकृत अधिवक्ताओं और उनके पति, पत्नी और उनके 25 वर्ष तक की आयु के बच्चों के विवरण आवश्यक है। उन्होंने सभी सदस्यों से विवरण 15 जुलाई तक लाइब्रेरी में जमा की अपील की है।

## डीएम पौड़ी और एसएसपी ने कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का हाल जाना

ऋषिकेश। कांवड़ यात्रा के सकुशल आयोजन को लेकर डीएम पौड़ी और एसएसपी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी और शौचालयों की व्यवस्था का फीडबैक लिया।

संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश। एसएसपी ने नीलकंठ मंदिर के गर्भगृह में भीड़ बढ़ने पर कांवड़ियों को पुंड़रासू में बने यात्री शेड में रोकने के निर्देश भी दिए। डीएम डॉ. आशीष चौहान मंगलवार को स्वर्गाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने एसएसपी श्वेता चौबे के साथ कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का हाल जाना।

# मुख्य सचिव ने की केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि कार्य समय से पूर्ण हो इसके लिये अधिक से अधिक श्रमिकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रात्रि शिफ्ट में भी कार्य किए जाएँ। निर्माण सामग्री की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने अल्टरनेटिव ट्रेक रूट के शीघ्र निर्माण के लिए वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को मिलकर तेज़ी से कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने लिंचोली का भी मास्टर प्लान शीघ्र तैयार किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सके इसके लिए साप्ताहिक समय सीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने केदारनाथ के साथ ही बद्रीनाथ में बन रहे अस्पतालों के उपकरण आदि खरीदने के लिये भी शीघ्र प्रक्रिया शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बताया गया कि संगम घाट का कार्य 18 अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही, एलिवेटेड ब्रिज का कार्य 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## काँग्रेस ने की शहर में चल रहे नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

देहरादून। कांग्रेसियों ने शहर में नशे का अवैध कारोबार चलने की शिकायत डीजीपी से की है। उन्होंने डीजीपी अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपकर इस पर रोकथाम की मांग उठाई है। विधायक विजयपाल सजवाण ने कहा कि दून को शिक्षा का केंद्र माना जाता है। अन्य राज्यों से आवागमन बढ़ने के साथ शिक्षण संस्थानों के आसपास एवं शहर की अनेकों रिहायशी इलाकों व बस्तियों में नशे का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। युवाओं को नशा अपने आगोश में जकड़ रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि रेस्ट कैम्प मद्रासी कॉलोनी, ब्रहमपुरी, ट्रांस्पोर्ट नगर, पटेलनगर, मेहूंवाला, निरंजनपुर सब्जी मंडी, राजीव नगर, आजाद कॉलोनी, डालनवाला, बिन्दाल बस्ती, मित्रलोक कॉलोनी, चूना भट्टा रायपुर, कांवली रोड़, बिन्दाल पुल, जवाहर कॉलोनी, निम्बूवाला चोरखाला, डाकरा, पूरण बस्ती भाग दो, आर्य नगर आदि अनेक क्षेत्रों में काफी लंबे समय से यह कारोबार किया जा रहा है। कड़ी कार्रवाई नहीं होने से नशा तस्करों एवं कारोबारियों के हौसले बुलंद है। इस अवैध कारोबार में कई जगहों पर स्थनीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने की भी शिकायत की गई। इस दौरान अनूप कपूर, दीप वोहरा, रमेश कुमार मंगू, दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## इंडस्ट्रियल क्षेत्र ढालवाला से हटेंगे अवैध कब्जे

ऋषिकेश। ढालवाला चीनी गोदाम रोड, इंडस्ट्रियल क्षेत्र से सिडकुल अपनी भूमि से अवैध गोदाम और कब्जे हटाने जा रहा है। मंगलवार को सिडकुल के अधिकारियों ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। मास्टर प्लान के साथ यहां सड़क, नालियां बनने के साथ ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी होने जा रही है। देखरेख के लिए सिडकुल इस क्षेत्र में अपने 10 गार्ड भी तैनात करेगा। मंगलवार को एजीएम प्लानर वाईएस पुंडीर, पालिकाध्यक्ष मुनिकीरेती रोशन रतूड़ी, गम्भीर सिंह असवाल, सहायक अभियंता लोनिवि रूपेश भट्ट इंडस्ट्रियल एरिया ढालवाला चीनी गोदाम रोड पर पहुंचे।

# तहसील दिवसः डीएम सोनिका ने सुनी तहसील ऋषिकेश में जन समस्याएं



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने तहसील दिवस पर तहसील ऋषिकेश में उपस्थित होकर जन समस्याएं सुनी। आयोजित तहसील दिवस में आज जिलाधिकारी के समुख 52 शिकयतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आयोजित तहसील दिवस में भूमि अतिक्रमण, दाखिला खारिज, भूमि सीमांकन करवाने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, आधार कार्ड में नाम ठीक करवाने, चंद्रेश्वर नगर में गौशाला की भूमि पर कब्जा करने, विद्युत बिल अधिक आने, समाज कल्याण पेंशन लगवाने, वार्ड नं 12 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल, योजना की जांच कराने, खड़क माफी में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण, भारत विहार में माननीय न्यायालय आदेश के उपरान्त भी निर्माण कार्य संचालित होने, वीरपुरखुर्द में आवासीय नक्शे पर व्यावसायिक भवन बनाने तथा आसपास के लोगों को परेशान किए जाने, त्रिवेणीघाट में नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस पर अनुपस्थित अधिकारियों के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। जनमानस को मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, तथा कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े इसका विशेष ध्यान रखेगें।जिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को गंभीरत से सुना। उन्होंने अतिक्रमण, अवैध कब्जे एवं वन, अवैध निर्माण की शिकायत पर गंभीरता से लेते हुए एमडीडीए, राजस्व एवं विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिकायत कर्ताओं द्वारा अधिकारियों के शिकायतों पर का-र्रवाई न किए जाने की बात से जिलाधिकारी को अवगत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एमडीडीए राजस्व सहित संबंधित रेखीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सड़क में गड्ढे होने की शिकायत पर अधि0 अभि0 लोनिवि को त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क ठीक करने के निर्देश दिए, विद्युत संबंधी शिकायतों पर विद्युत विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए, सिंचाई की शिकायतों पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश। इसी प्रकार रानीपोखरी में शराब की ओवर रेटिंग पर गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को छापेमारी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पूर्व पार्षद द्वारा गौरा देवी चैक से जीएमवीएन गेस्ट हाउस तक सड़क चैड़ीकरण की मांग पर जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। चक जोगीवाला में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निरीक्षण करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दाखिला खारिज के प्रकरणों पर तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि सीमांकन के प्रकरणों पर राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।तहसील दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम राहुल गोयल, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश सौरभ असवाल, तहसीलदार चमन सिंह, अधि अभि शक्ति प्रसाद, अधि अभि लो नि वि धीरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोनवाल,सहित विद्युत सिंचाई, वन, पुलिस, आबकारी, एमडीडीए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांवड मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कांवड मेले की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर वीरभद्र ऋषिकेश का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आईडीपीएल का निरीक्षण करते हुए पार्किंग स्थलों पर विद्युत, पेयजल, शौचालय, मेडिकल कैम्प, सफाई व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाओं को सुव्यवस्थित रूप से बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा में आने वाले कावड़ियों/ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो इस बात को गंभीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे, जिस हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एम्स पर गड्ढे होने की शिकायत तथा हरिद्वार रोड़ पर पुलिया के पास दीवार निर्माण के धीमे कार्य की शिकायत पर मौके पर जाकर सम्बन्धित अधिकारी के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए सड़क को त्वरित सुगम बनाने के निर्देश लोनिवि एवं एनएच के अभियन्ताओं को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करे। उन्होंने पार्किंग स्थल पर मूलभूत सुविधा यथा पेयजल, शौचालय, लाईटिंग आदि समस्थ व्यवस्थाएं संचालित करने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने श्यामपुर पुलिस चैकी हरिद्वार रोड का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को कांवड़ यात्रा के दौरान श्यामपुर पुलिस चैकी एवं पार्किंग स्थल पर मेडिकल कैम्प लगाने के निर्देश दिए। लोनिवि को सड़क सुधार करने के निर्देश दिए।

## आईडीपीएल के लोगों ने किया प्रदर्शन

ऋषिकेश। आईडीपीएल की आवासीय कॉलोनी से भवनों को खाली कराने के मामले में मंगलवार को भी स्थानीय लोगों ने धरना दिया। सामुदायिक भवन के आगे आयोजित धरने में 18वें दिन भी स्थानीय लोगों ने फिर से उनके लिए स्थाई प्रबंध करने की मांग उठाई। नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन भी किया। मंगलवार को भी आवासीय कल्याण समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में आईडीपीएल के लोग धरने पर बैठे। उनका कहना है कि आईडीपीएल कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के स्थान पर जबरदस्ती सेवानिवृत्त किया गया। वेतन भी रिवाइवल नहीं किया गया। यही नहीं रिटायरमेंट के बाद पूरा पैसा भी नहीं दिया गया।

## 70 हजार शिवभक्तों ने किया नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक

ऋषिकेश। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के शुभारंभ के साथ ही नीलकंठ धाम में कांवड़ियों के पहुंचने के सिलसिला तेज हो गया है। मंगलवार को करीब 70 हजार शिवभक्तों ने महादेव का जलाभिषेक किया। इससे पहले सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। दो दिन में एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां भगवान शिव कर जलाभिषेक कर चुके हैं। मंगलवार को पैदल मार्ग से सबसे अधिक शिवभक्त नीलकंठ मंदिर पहुंचे। नीलकंठ धाम में तड़के से ही कांवड़ियों का आगमन शुरू हो रहा है।

गंगा घाटों पर स्नान कर शिवभक्त पैदल और मोटर मार्ग से महादेव के दर पर जलाभिषेक व दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को करीब 70 हजार कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। जबकि, सोमवार को यह संख्या 50 हजार के करीब रही। यात्रा की शुरुआत के साथ ही कांवड़ियों की आमद में तेजी बनी हुई है। इसके चलते प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गए हैं। पुलिसकर्मी चप्पे–चप्पे पर कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात हैं, तो पैदल मार्ग पर वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के वनकर्मियों संग संयुक्त गश्त की जा रही है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि शुरुआत में ही हजारों की तादाद में कांवड़िये पहुंचे हैं। इसके चलते अब आने वाले दिनों में यह भीड़ और भी ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

# राज्यपाल ने की निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग बैठक



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने उत्तरांचल विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप यूनिसंगम का लोकार्पण किया। इस मोबाइल एप के माध्यम से उत्तराखण्ड के समस्त निजी विश्वविद्यालय एक प्लेटफॉर्म पर राजभवन के साथ जुड़ गये हैं। इस मोबाइल एप के द्वारा सभी विश्वविद्यालयों के पास अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रेक्टिसिज, अनुसंधान व नवाचारों, स्टार्टअप को आपस में व राजभवन के साथ ऑनलाइन संवाद के जरिये साझा किए जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय यह प्रयास करें की अनुसंधान एवं नवाचारों का लाभ राज्य एवं आम जनमानस को मिले। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय शिक्षा के उन्नयन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं और राज्य के विकास एवं प्रगति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, राज्य के विभिन्न विभागों को अपने तकनीकी अनुभवों के माध्यम से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक स्टॉटअप, पेटेंट और शोधपत्रों के प्रकाशन पर जोर देने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी निजी एवं राजकीय विश्वविद्यालय आपसी समन्वय कर सवोत्तम प्रथाओं (बैस्ट प्रैक्टिसिज) को साझा करें। राज्यपाल ने कहा कि निःसंदेह हमारे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा को रोजगारपरक बनाकर इस क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय में विश्वविद्यालयों को नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर उसमें शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे कौशल विकास के जरिये यहाँ के युवाओं को स्टार्टअप के लिए तैयार करें जिससे युवा बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

## गोवंश की सेवा करना पुण्य का कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान मे गोपाल गौलोक धाम सेवा संस्थान में गोवंश को हरा चारा, गुड़ चोकर आदि खिलाया गया। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि गौवंश की सेवा के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए। गौवंश की सेवा करना पुण्य का कार्य है। प्रत्येक व्यक्ति को गाय की सेवा करनी चाहिए। गोपाल गौलोक धाम सेवा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि समाज में गोसेवा बहुत बढ़ी समाज सेवा है, गोवंश को चारा खिलाना पुण्य का कार्य है। कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में दान-पुण्य करना चाहिए। इसके साथ-साथ बेजुबान जानवरों को भोजन कराना भी पुण्य का कार्य है। गोपाल गौलोक धाम के जसपाल सिंह रावत ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोवंश को हरा चारा, गुड़, चोकर आदि खिलाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल, उपसचिव डीपी सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन गोयल, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, कमल गुप्ता, डॉ. केएस नेगी, भुवनेश कुंज आदि मौजूद थे।

## स्कूल के सामने सड़क पर भरा पानी, बच्चे परेशान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम के वार्ड नंबर 26 बलभद्रपुर में डीएवी स्कूल के सामने सड़क पर जल भराव की समस्या बनी हुई है। सड़क तालाब के रूप में तब्दील है। जिसके चलते बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। पानी की निकासी न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। वर्षा होने पर सड़क पर काफी पानी जमा हो जाता है। घुटने भर पानी जमा होने के चलते बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार तो बच्चों को जूता हाथ में लेकर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम के अफसर सुध नहीं ले रहे हैं। गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का भी डर बना हुआ है।

मंगलवार को सुबह हुई मूसलाधार बारिश से डीएवी स्कूल के पास सड़क पर करीब दो फीट पानी जमा हो गया। जिस कारण बच्चों एवं अभिभावकों को स्कूल जाने में दिक्कतें उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी दिनों से सड़क पर यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं किया जा रहा है। डीएवी स्कूल में नगर निगम क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे पढ़ने आते है। बारिश के समय स्कूल के सामने घुटने भर पानी भर जाने से स्कूल तक पहुंचाना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या काफी लंबे समय से है। पानी की निकासी न होने के कारण स्कूल के सामने सड़क पर बरसात का पानी जमा हो जाता है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों इसकी शिकायत कर चुके है, लेकिन स्थिति जस की तस है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से समस्या का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है।



नगर निगम के वार्ड नंबर 26 बलभद्रपुर में डीएवी स्कूल के सामने सड़क पर जमा पानी।

## गडोली व तमलाग गांव में लगाया पिंजरा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जनपद मुख्यालय में गुलदार की दहशत बनी हुई है। बीते शुक्रवार व शनिवार को शिक्षा विभाग के पास एक साथ दो गुलदार दिखाई देने के बाद क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त करने के साथ ही पिंजरा लगाने की अनुमति के लिए चीफ वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखा गया है। वहीं, शहर के गडोली व तमलाग गांव में गुलदार पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया गया है।

बीते शुक्रवार व शनिवार को शिक्षा विभाग के पास शिवकुटी मोहल्ले में एक साथ दो गुलदार दिखने का वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। जिसके बाद हरकत में आते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही विधायक राजकुमार पोरी, डीएम डा. आशीष चौहान, नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। जिसके बाद गुलदार प्रभावित क्षेत्र में झाड़ियों का कटान व वाहनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पौड़ी नागदेव रेंज के रेंजर ललित मोहन नेगी ने बताया कि क्षेत्र में टीम लगातार गश्त कर रही है। यहां पर पिंजरा लगाने की अनुमति के लिए चीफ वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखा गया है।

## संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के गुरुकुल कण्वाश्रम में आयोजित संस्कृत भारती के शिविर में विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शिविर संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए समाज को एकजुट होना होगा। संस्कृत के लिए छात्रों को आगे बढ़कर काम करना होगा। शिविर का शुभारंभ करते हुए शिक्षक सिद्धार्थ नैथानी ने विद्यार्थियों को किम, कुत्र, कति, कदा, कुतः, कथम, किमर्थं के प्रयोग की जानकारी दी। कहा कि हमें संस्कृत आम बोलचाल में प्रयोग करनी चाहिए। कुलदीप मैंदोला ने विद्यार्थियों को संस्कृत व्याकरण की जानकारी दी। कहा कि नियमित अभ्यास से हमें बेहतर संस्कृत बोल सकते है। इस मौके पर राजकीय इंटर कालेज कांडाखाल के शारीरिक शिक्षक राकेश कंडवाल ने छात्रों को योग के बारे में जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। इस मौके पर मनमोहन नौटियाल, अरविंद भट्ट, सुदीप देवलियाल आदि मौजूद रहे।

## वाहन चालकों व ग्रामीणों ने मोटर मार्ग के डामरीकरण को लेकर किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : विकासखंड के कल्जीखाल के अंतर्गत पट्टी असवालस्यूं के टैक्सी यूनियन व स्थानीय ग्रामीणों ने बौसाल-भेटी-कल्जीखाल मोटर मार्ग व पिपला-टेका मोटरमार्ग के खस्ताहाल को लेकर बौसाल में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क के डामरीकरण की मांग को लेकर गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन भेजा।

मंगलवार को टैक्सी चालकों ने अपनी गाड़ियों को बंद रखा। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों व टैक्सी चालकों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से उक्त दोनों सड़क मार्गों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिस कारण वाहन चालकों व यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कों की डामरीकरण की मांग पिछले काफी समय से शासन-प्रशासन से कर रहे है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा एक महीने के अंतराल में सड़क डामरीकरण नहीं कराया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान चिलोली राकेश कुमार, सुभाष चन्द्र, प्रदीप खुगशाल, दिगम्बर सिंह, गणपत, संतोष डोभाल, ग्राम प्रधान बोरिख विनोद कुमार, मधु देवी, किरन देवी, जानकी देवी, गजेन्द्र प्रसाद, पंकज कुमार, सोहन सिंह, कलम सिंह, ओम प्रकाश ग्वाडी, कृष्ण खुगशाल, राजेश्वरी देवी सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।



बौंसाल में वाहन चालक व ग्रामीण सड़क डामरीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

### ग्रामीण करते रहे सांसद का इंतजार

सतपुली : गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का मंगलवार को ज्वालपा, पाटीसैंण होते हुए सतपुली पहुंचने का कार्यक्रम तय था। स्थानीय ग्रामीण बौंसाल में सड़क डामरीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन देने के लिए गढ़वाल सांसद का इंतजार करते रहे, लेकिन किसी कारण से गढ़वाल सांसद का तय कार्यक्रम स्थगित हो गया। जिससे ग्रामीण मायूस होकर वापस घर लौट गए। ग्रामीणों ने सांसद का कार्यक्रम स्थगित होने पर रोष व्यक्त किया।

## वन विभाग ने रिखणीखाल में सक्रिय दूसरा बाघ पकड़ा, भेजा रेस्क्यू सेंटर

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : रिखणीखाल ब्लाक के गांव में सक्रिय बाघ को पकड़ने में वन विभाग को सफलता मिल गई है। बाघ के पकड़े जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के अनुसार पकड़ा गया बाघ मात्र डेढ़ साल का है और अभी शिकार करने में पूरी तरह सक्षम नहीं है।

रिखणीखाल क्षेत्र में दो बाघ सक्रिय थे, इनमें से एक बाघ को पहले ही पकड़ लिया गया था। बीते कई दिनों से बाघ यहां सक्रिय था, जिस कारण लोग दहशत में थे। रिखणीखाल ब्लाक के डल्ला गांव में बाघ ने बीती 13 अप्रैल को एक व्यक्ति को मार दिया था इसके दो दिन बाद ही नैनीडांडा ब्लाक के भैड़गांव में बाघ ने एक रिटायर शिक्षक को भी निवाला बनाया था। जिस कारण आसपास के सभी गांवों में दहशत बनी हुई थी। इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू लगाने के साथ ही आसपास की आधा दर्जन से भी अधिक स्कूलों को बंद भी रखा था। गढ़वाल वन प्रभाग की धुमाकोट रेंज का यह हिस्सा कार्बेट से लगा हुआ है। वन विभाग ने इन हादसों के बाद 26 अप्रैल को ट्रैंक्यूलाइज कर एक बाघ पकड़ लिया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही दूसरा बाघ भी यहां घूमता दिखाई दिया। जिस पर ग्रामीणों ने इसे भी पकड़ने की मांग वन विभाग से की थी। ग्रामीणों द्वारा बनाया गया बाघ का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बाद में वन विभाग ने इसके सही होने की पुष्टि कर दी थी। बाघ के डल्ला गांव के पास सक्रिय होने पर वन विभाग ने इसे भी पकड़ने की अनुमति चीफ वाइल्ड लाइफ से ली। बीते एक सप्ताह से भी अधिक समय से वन विभाग सहित पशु चिकित्सकों की टीम ने यहां डेरा डाला हुआ था। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ केएन भारती ने बताया कि सोमवार देर रात मुछेल ग्राम पंचायत के गले गांव में बाघ को ट्रैंक्यूलाइज करने में सफलता हासिल हो गई। पकड़ा गया बाघ करीब डेढ़ साल का है। बाघ को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। टीम में वन विभाग की टीम के साथ ही पशु चिकित्सक डॉ. आयुष उनियाल की टीम का योगदान रहा।

## बंजादेवी-दियोड-रिखणीखाल सड़क टूटी, लोगों को हो रही परेशानी, कई गांव हुए प्रभावित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बंजादेवी-दियोड-रिखणीखाल मोटर मार्ग पर जवाड़ीरौला के समीप मुख्य सड़क का एक हिस्सा टूट गया है। पहाड़ी से सड़क पर पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। सड़क टूटने से लोगों को आवाजाही करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि उक्त मार्ग को पीएमजीएसवाई श्रीनगर गढ़वाल से हटाकर लोनिवि दुगड्डा एवं लोनिवि लैंसडौन को दे देना चाहिए, ताकि इस मार्ग की दशा सुधर सके और आम पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सुविधा मिल सके।

सामाजिक कार्यकर्ता विनोद रावत ने बताया कि इस मार्ग पर रामनगर, नैनीताल, कोटद्वार, रिखणीखाल से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन चलते रहते है। इस मार्ग से गाडियोपुल, कोटडीसैण, पानीसैण, देवियोंखाल मुख्य बाजार सहित दर्जनों गांव द्वारी, जुई, पापड़ी, अंदरगांव, गाजा मुछेलगांव, रजवो, बमनगांव, सिद्धपुर, मेलधार, सिमलगांव, कंडिया, डल्ला, मलनगांव, बडियारगांव व कई छोटे-छोटे बाजार जुड़े हुए है। यह मार्ग क्षेत्र के यातायात का मुख्य मार्ग का और इस मार्ग से कई ब्रांच सड़कें जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है, किसान प्रतिदिन रामनगर,कोटद्वार से जुड़े रहते है, इस मार्ग पर जगह-जगह खड्डे पड़े हुए है और स्कपर एवं दीवार भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह मार्ग पीएमजीएसवाई श्रीनगर गढ़वाल के अन्तर्गत आता है, श्रीनगर की दूरी अधिक होने के कारण इस मार्ग पर विभागीय अधिकारियों का आवागमन कम ही हो पाता है। उन्होंने सरकार से इस मार्ग को लोनिवि दुगड़डा एवं लोनिवि लैंसडौन को देने की मांग की है।



बंजादेवी-दियोड-रिखनीखाल मोटर मार्ग पर जवाड़ीरौला के समीप क्षतिग्रस्त सड़क।

## जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रान्ति दल के वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण और महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जनपद में बाघ के आंतक से परेशान लोग पलायन करने को मजबूर है। कहा कि जंगली जानवरों के आतंक के कारण लोग दहशत में है। आये दिन जंगली जानवर मानव पर हमला कर रहे है। उन्होंने रिखणीखाल क्षेत्र समेत गढ़वाल के अन्य इलाकों में बाघ और गुलदार के आतंक से लोगों को निजात दिलाने की मांग की है।

यूकेडी के वरिष्ठ नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण और महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जंगली जानवर आये दिन ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं, जिस कारण जन जीवन प्रभावित हो गया है। कहा कि वन्यजीवों ने पहाड़ के लोगों का जीना दूभर कर दिया है। राज्य सरकार को प्रभावित गांवों में झाड़ी कटान के साथ ही मुआवजे की धनराशि बढ़ाकर 50 लाख करनी चाहिए। पहाड़ के लोगों के जीवन की कीमत पर वन्य जीवों का संरक्षण हो रहा है। कहा कि बाघ प्रभावित इलाके से लोग पलायन करने के लिए मजबूर हैं, इसकी रोकथाम के लिए सरकार को ठोस योजना बनानी चाहिए।

## व्यापारियों को दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे के निर्देश पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को आग से बचाव के तरीके बताएं। इस दौरान आग लगने और आग लगने के दौरान सावधानी बरतने के साथ आग पर काबू पाने और नुकसान को कम करने की जानकारी दी गई।

कांवड़ मेला 2023 दृष्टिगत नीलकंठ महादेव से लेकर लक्ष्मण झूला, स्वर्गाश्रम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र पौड़ी गढ़वाल का फायर एवं लाइफ सेफ्टी को दृष्टिगत रखते हुए कांवड़ मेला के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित ना होने के परिपेक्ष में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कोटद्वार द्वारा जानकीपुल से रामझूला चौकी तक व यूनिट इंचार्ज गिरीश चन्द्र द्वारा थाना लक्ष्मणझूला से जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय तक, यूनिट इंचार्ज अनसूया प्रसाद, चालक नवनीत सिंह द्वारा नीलकंठ मंदिर परिसर, होटल, रेटोरेंट, अस्थाई स्टालों सहित अन्य दुकानों के व्यापारियों को अपने को सुरक्षित रखते हुए शीघ्र आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कोटद्वार ने जानकीपुल चौकी से रामझूला पुलिस चौकी जाने वाली सड़क मार्ग पर अस्थाई ढेली एवं रेहड़ी पर चाय नाश्ता बनानें वाले दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में पैट्रोमैक्स गैस सिलेंडर व घरेलू गैस सिलेण्डरों का प्रयोग कदापि ना किया जाए।



अग्निशमन अधिकारी आग से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए।

## बैठक कक्ष बनाने की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : गंगा आरती समिति श्रीकोट गंगानाली ने श्रीनगर विधायक एवं शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से गंगा आरती समिति के लिए एक बैठक कक्ष बनाने की मांग की है। इस संदर्भ में समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि समिति के पास सामान रखने व बैठने के लिए कक्ष नहीं है, जिसके कारण कई दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उच्चाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से इस संदर्भ में मांग की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मंत्री से उक्त समस्या को देखते इस पर अमल किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## पाइप लाइनें जर्जर, सड़कों पर बह रहा पेयजल

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत भाबर के हल्दूखाता क्षेत्र में पेयजल लाइन जगह-जगह लीकेज होने से पीने का हजारों लीटर पानी प्रतिदिन सड़कों पर बह रहा है। जिस कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने जल संस्थान से पेयजल लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

मगनपुर निवासी मधुसूदन नेगी और जेपी बहुखंडी ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर पेयजल लाइनों की लीकेज से पीने के पानी के बर्बाद होने की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि किशनपुर-ढोका मार्ग पर डिग्री कॉलेज व शिव मंदिर के पास पीने का पानी बर्बाद होने के कारण लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कलालघाटी और हल्दूखाता क्षेत्र में भी लोग पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थानीय नागरिक जगदंबा प्रसाद उनियाल ने बताया कि जल संस्थान काम चलाऊ व्यवस्था पर पेयजल आपूर्ति कर रहा है। लम्बे समय से जर्जर लाइनों की लीकेज क्षेत्र के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। रामदयालपुर निवासी दाताराम का कहना है कि आए दिन नलकूपों की मोटर फुंक रही हैं, मरम्मत में भी संबंधित विभाग समय लगा दे रहा है।

## पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सिविल एवं सोयम वन प्रभाग की पाबौ रेंज द्वारा वन महोत्सव के तहत हरड, बहेड़ा, तेजपत्ता, आंवला सहित विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पौधों के पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। वहीं लोगों को भी अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ों से हमें शुद्ध वायु मिलती है। शुद्ध वायु से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पेड़-पौधे पर्यावरण में प्रदूषण को नियंत्रित रखते हैं। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख डॉ. रजनी रावत, लोनिवि पाबौ के अधिशासी अभियंता केएस नेगी, एसएल गोयल, एसआर डोभाल, अशोक कुमार, भूपेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सरस्वती शिशु मंदिर विकास मार्ग में नगर पालिका द्वारा कक्षा-कक्षों में टाइल्स निर्माण कराया गया है। नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने कक्षों में पालिका की ओर से कराए गए टाइल्स निर्माण का लोकार्पण किया।

मंगलवार को नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने सरस्वती शिशु मंदिर विकास मार्ग के कक्षा-कक्षों में टाइल्स निर्माण का लोकार्पण किया। कहा कि यहां पर छात्र-छात्राओं के लिए 10 लाख की धनराशि से नगर पालिका द्वारा टिन शेड का निर्माण भी करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर क्यूंकालेश्न में भी 12 लाख की धनराशि से काम करवाया जा रहा है। जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश नौड़ियाल ने स्कूल में निर्माण कार्य किए जाने पर नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया।

## समाज सेवी झाबा कंडवाल की याद में रोपे पौधे

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से समाज सेवी झाबा देवी कंडवाल की याद में मोटाढाक क्षेत्र में आम सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

पदमपुर मोटाढाक स्थित कार्यालय में शोकसभा को संबोधित करते हुए समिति के उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने कहा कि समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए असल देव अभियान चलाया जाता है। जिसके तहत क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में पौधा रोपण अभियान चलाया जाता है।

मनमोहन काला ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की याद में पौधा रोपण करना चाहिए। पौध रोपण के साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर समिति के संस्थापक रामभरोसा कंडवाल, महामंत्री जगत सिंह नेगी, रेखा ध्यानी, अनुराग कंडवाल, राजकिशोर ममगाईं, मीनाक्षी बड़थ्वाल, नंदन सिंह नेगी, एसपी डोबरियाल आदि थे।

# सीएमओ ने उप जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



रुद्रपुर : मुख्य चिकित्साधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, लैब, इमरजेंसी कक्ष, भर्ती मरीजों के वार्ड, कैंटीन, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा सीटी स्कैन मशीन के लिए लोड की आवश्यकता थी। इसके लिए स्टेपलाइजर खरीद लिया है।

आपूर्ति होते ही लगाया जाएगा। सीटी स्कैन मशीन चलाने के लिए पत्राचार किया है। जल्द ही स्टाफ आते ही मशीन शुरू कर दी जाएगी। मंगलवार को सीएमओ डॉ. मनोज ने कहा डिजिटल एक्सरे मशीन आए काफी समय हो गया है। लेकिन मैनुअल एक्सरे मशीन से काम चलाया जा रहा है। सीएमओ ने डेल कंपनी के इंजीनियर से तत्काल डिजिटल मशीन के सिस्टम को ठीक करने के लिए कहा। अस्पताल में डॉक्टर की कमी पर उन्होंने कहा पत्राचार किया जा रहा है। जैसे ही जिले में स्थानांतरण होकर डॉक्टर मिलेंगे, उन्हें भेजा जाएगा। कहा बजट मिलते ही अस्पताल का मेंटेनेंस का काम कराया जाएगा। उन्होंने कहा आशाओं का स्टेट हेड से इंसेंटिव आया था जिससे दिसंबर से मार्च एवं अप्रैल, मई तक का भुगतान कुछ जगह किया जा चुका है। जल्द ही जून का भी भुगतान आशाओं को किया जाएगा।

## तहसील दिवस से मोह भंग, पहुंचे चार फरियादी

चम्पावत : तहसील दिवस में चार फरियादी पहुंचे, एसडीएम सुंदर सिंह ने जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है। मंगलवार को तहसील दिवस में वार्ड चार निवासी जगदीश चंद्र परगांई ने न्यायालय गेट के पास सड़क पर से मलबा हटाए जाने, ज्ञानखेड़ा निवासी गीता शाह ने जलभराव से निजात दिलाने, मनिहार गोठ के ग्रामीणों ने लो-वोल्टेज से निजात दिलाने और मनिहारगोठ निवासी रुखसाना ने बिजली कनेक्शन दिए जाने के संबंध में एसडीएम के सम्मुख समस्या रखी। इस मौके पर सिंचाई विभाग के एसडीओ आर के यादव, रेंजर महेश सिंह बिष्ट, जल संस्थान के जेई विपिन चंद्र कॉलोनी, श्रम विभाग के वरिष्ठ सहायक सूरज सिंह बिष्ट, ऊर्जा निगम एई मयंक भट्ट, पशु चिकित्साअधिकारी डॉ. विजयपाल प्रजापति, बीएलगंगवार, डॉ. वीके जोशी, पूर्ति निरीक्षक दीपक ठाकुर आदि रहे। (एजेंसी)

# चोरी के आभूषणों सहित युवक गिरफ्तार



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में एक युवक को 04 घंटों के भीतर गिरफ्तार किया है। सोमवार को टम्टा मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी युवती ने तहरीर दी कि 27 जून को उसके घर से किसी व्यक्ति द्वारा 40,000 रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण चोरी कर लिए हैं। तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में एफआईआर दर्ज की गई। एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को चोरी का सफल अनावरण कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ रानीखेत टी आर वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस टीम द्वारा तत्काल चोरी का खुलासा करने के लिए खोजबीन शुरु की गई।

पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी–पतारसी कर एफआईआर के मात्र 04 घंटों के भीतर ही चोरी का खुलासा किया गया। (एजेंसी)

# महिलाओं ने नशे पर पूर्णतया रोक लगाने की मांग उठाई



पिथौरागढ़ : विण ब्लॉक के चैसर गांव की महिलाएं अराजक तत्वों के आतंक से परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारण अराजकता का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों के साथ ही अन्य क्षेत्रों से लोग शराब से लेकर चरस का सेवन करने पहुंच रहे हैं। कहा कि अराजक तत्वों के कारण महिलाएं अपना कामकाज छोड़ घरों में कैद होने को मजबूर हो गई हैं। मंगलवार को विधायक मयूख महर के नेतृत्व में महिलाओं ने एसपी लोकेश्वर सिंह को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चैसर क्षेत्र में इन दिनों वृहद स्तर पर नशे का कारोबार चल रहा है।

महिलाओं ने पुलिस से क्षेत्र में नशे पर पूर्णतया रोक लगाने की मांग की है। (एजेंसी)

## कारगिल शहीद के गांव की सड़क बदहाल, बड़े वाहनों का प्रवेश ठप

पिथौरागढ़ : कारगिल शहीद गिरीश सिंह सामंत के गांव की बदहाल सड़क, वहां रहने वाले लोगों को आर्थिक चपत लगा रही है। सड़क की बदहाली के कारण गांव में बड़े वाहनों का प्रवेश ठप है। इससे रसोई गैस के वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। मजबूरन ग्रामीणों को रसोई गैस रिफिलिंग के लिए चार किमी. दूर देवलथल आवाजाही करनी पड़ती है। जिसका नुकसान उन्हें धन और समय दोनों के तौर पर उठाना पड़ रहा है।

उडई-खोला मार्ग की बदहाली के कारण ग्रामीण सड़क होने के बावजूद रोगियों और गर्भवतियों को डोली से अस्पताल पहुंचाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव में एंबुलेंस नहीं आ पाती। इसके कारण वह रोगियों को डोली से मुख्य सड़क तक पहुंचाते हैं।

# एनडीआरएफ टीम ने सिखाए आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य के गुर



अल्मोड़ा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि जनपद के विकासखण्डों एवं विद्यालयों में आपदा से सुरक्षा एवं बचाव हेतु 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ गदरपुर उधमसिंह नगर द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों व विकासखण्डों में जाकर छात्र–छात्राओं, अध्यापकों/विकासखण्डों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जनपद अल्मोड़ा आपदा के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके तहत जिला प्रशासन की देख–रेख में 26 जून से 12 जुलाई तक जिले के विभिन्न विद्यालयों/वकासखण्डों में टीम द्वारा आपदा से निपटने की बारीकियों आपदा से पूर्व, आपदा के दौरान व आपदा पश्चात् की कार्यवाही और टेरोलिन ट्रेवलर्स, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, मानव निर्मित स्ट्रेचर बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि भविष्य में कोई आपदा घटित होने पर त्वरित मदद दी जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम के कमाण्डेन्ट सुदेश कुमार दरयाल के दिशा निर्देशों में टीम निरीक्षक चन्द्रशेखर एवं 06 सदस्यीय खोज एवं बचाव दल द्वारा आपदा से निपटने का प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है।(एजेंसी)

# राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन की मेजबानी को अल्मोड़ा तैयार




अल्मोड़ा। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शिक्षक सदन में मंगलवार को आयोजित बैठक में प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल ने बताया कि इस बार अल्मोड़ा को पंचम द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। अधिवेशन आगामी 6, 7 जुलाई को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत अधिवेशन के मुख्य अतिथि होंगे। विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी अति विशिष्ट अतिथि, निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीमा जौनसारी विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि आज बैठक में अधिवेशन को भव्य रूप देने के लिए अलग अलग समितियां बनाई गईं हैं। जिसमें शुल्क समिति, सांस्कृतिक समिति, स्वागत समिति, चुनाव समिति, शुल्क संकलन समिति, जलपान समिति, मीडिया समिति, विधिक/प्रत्यावेदन समिति के दायित्व सौंपे गए हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भारतेंदु जोशी ने की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष हीरा सिंह बोरा, नितेश कांडपाल, डीडी गुणवंत, मीनाक्षी जोशी, जीवन लाल साह, देवेश सिंह, किशन खोलिया, मदन सिंह भंडारी, विजय जोशी, देवेश तिवारी, राजेंद्र कनवाल, दीप चंद्र पांडेय, ललित पाठक, भरत वर्मा, अंकित जोशी आदि उपस्थित रहे।

## विमान सेवा शुरू होने की चर्चा से लोगों में उत्साह

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच विमान सेवा शुरू होने की चर्चाओ से सीमांत के लोगों में उत्साह में है।

नगर के मनोज कुमार जोशी उर्फ एमएल का कहना है कि जनपद से विमान सेवा का संचालन बेहद जरूरी है। इससे यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ेगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। कहा कि पूर्व में उन्होंने विमान सेवा के लिए 65 दिनों तक मौनव्रत भी किया। जोशी से सरकार से विमान सेवा का दिल्ली तक विस्तार करने की भी मांग की है।

उनका कहना है कि दिल्ली से हवाई सेवा शुरू किए बिना दुनिया से बेहतर कनेक्टिविटी नहीं बन सकती है। (एजेंसी)

# किसानों ने सीखें कम खाद में अधिक क्षमता बढ़ाने के गुर

रुद्रपुर : किसान गोष्ठी में किसानों को खादों की क्षमता बढ़ाने की नई तकनीक के बारे में बताया गया। अमेरिकन कंपनी वरडेशियन लाइफ साइंसेज की ओर से अमेरिका में कृषि की नई तकनीक के विषय में जानकारी दी गई।

सोमवार को सिडकुल के एक होटल में बीज कंपनी साईं सीड्स व अमेरिकन कंपनी वरडेशियन लाइफ साइंसेज की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रगतिशील किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि वरडेशियन के साउथ एशिया व साउथ ईस्ट एशिया मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार गोयल ने अमेरिका में कृषि की नई तकनीकों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने यूरिया खाद की क्षमता को बढ़ाने की नई तकनीक एन-चार्ज व न्यूट्रीस्फीयर-एन से किसानों को अवगत कराया। कहा कि खेत में कम यूरिया डालकर अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं। साईं सीड के एमडी मुकेश गर्ग ने साईं सीड्स के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि वरडेशियन की एमएसी बीजोपचार तकनीक से उनके किसान काफी लाभान्वित हुए हैं। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति पलविंदर सिंह औलख ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से किसानों को उन्नत खेती की दिशा में नई तकनीकी जानकारियां मिलती हैं। इस मौके पर अनिल पन्नू, अक्षय खुराना, भगीरथ मल, रामनिवास, राजेश गर्ग, आदित्य, श्रेय, यश, राकेश गर्ग, सोनू चौहान, अखिलेश गुप्ता, लक्खा सिंह मौजूद रहे। (एजेंसी)

## वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : एसटीएफ ने जांच के बाद चाइल्ड पोर्नोग्राफी की वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एसआई संजय बोरा ने कोतवाली में दर्ज कराये मुकदमे में आरोप लगाया है कि गोविंदनगर, शक्तिफार्म के राणाशील ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी से सम्बंधित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड की है। एसआई के अनुसार 3.12 मिनट की विडियो क्लिप सोशल मीडिया में प्रदर्शित की है। विडियो शेयर भी की गयी है। पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार राणा शील निवासी गोविन्दनगर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। (एजेंसी)

# गुरिल्लों ने सरकार की नीतियों को उपेक्षित बताया

चम्पावत : एसएसबी से प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की जन जागरण रथ यात्रा मंगलवार को लोहाघाट पहुंची। इस दौरान उन्होंने सरकार की नीतियों को उपेक्षित करार दिया। कहा कि सरकार को उनके संघर्ष का इंतजार खत्म करना चाहिए। मंगलवार को गुरिल्ला संगठन के केंद्रीय मंत्री और जिलाध्यक्ष ललित मोहन बगौली के नेतृत्व में जनजागरण यात्रा ने ऋषेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर पूरे बाजार में रथ को धुमाया। जनसभा के दौरान गुरिल्लाओं ने कहा कि 17 साल लंबे आंदोलन और पांच हजार दिन लगातार धरने के बाद भी सरकार उनकी मांग को पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गुरिल्लों के समायोजन के लिए प्रस्ताव तैयार करवाया गया। लेकिन सत्यापन के बाद भी सरकार ने समस्या का समाधान नहीं किया। राज्य सरकार ने गुरिल्लों के लिए स्वैच्छिक आपदा प्रबंधन बल गठन, लोक निर्माण विभाग में नियुक्ति, कृषि सहायक पदों में नियुक्ति के शासनादेश जारी किए। वहीं होमगार्ड, पीआरडी के माध्यम से नियुक्ति स्टेट इको टास्क फोर्स बनाने जैसे निर्णय लिए। जिसका अनुपालन नहीं हो पाया। यात्रा में सुरेश गहतोड़ी, गोपाल राणा, गोपाल सिंह मनराल, मोहन खर्कवाल, जीवन चंद्र जोशी, रुद्र सिंह भंडारी, ललित मोहन गहतोड़ी, खिलानंद पंत, किशोर चंद्र, लक्ष्मी, माया देवी, हीरा देवी शामिल रहीं। (एजेंसी)

## बाल पत्रिका का हुआ विमोचन

पिथौरागढ़ : विकासखंड के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय न्वाली की बाल पत्रिका का विमोचन हुआ। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीईओ हिमांशु नौगाई ने पत्रिका विमोचन करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

रुद्रपुर : मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। राइंका में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय व प्रधानाचार्य एनबी चंद समेत विद्यालय परिवार ने पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के उठो, आगे बढ़ो और लक्ष्य पाने तक चलते रहने के नारे को आत्मसात करने की अपील की। कहा कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके बताए आदर्शों को हम आत्मसात करें।

# साइंस सेंटर के निर्माण कार्य एवं संचालन के सम्बन्ध में हुई बैठक



अल्मोड़ा। स्यालीधार में बन रहे साइंस सेंटर के निर्माण कार्य जल्द पूरे होने तथा इसके संचालन एवं साइंस सेंटर से संबंधित अन्य मुद्दों को लेकर आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के महानिदेशक दुर्गेश पंत तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइंस सेंटर में बिजली कनेक्शन, पानी की सप्लाई तथा सुरक्षा से संबंधित गाड्र्स की तैनाती जैसे विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। महानिदेशक दुर्गेश पंत ने बताया कि यह साइंस सेंटर जनपद के लिए बहुत अहम साबित होगा। यहां स्कूली बच्चों को साइंस से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों को देखने का अवसर प्राप्त होगा।

# जैंती इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं को अपराधों के प्रति किया जागरूक



अल्मोड़ा। थानाध्यक्ष महिला थाना अल्मोड़ा मीना आर्या द्वारा मंगलवार को जनपद के जैंती क्षेत्रान्तर्गत स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में जागरुकता पाठशाला चलाकर छात्र –छात्राओं व अध्यापकों को जागरुक किया गया।

थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा स्कूली छात्र– छात्राओं को बच्चों व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए, इनसे बचने के उपाय व कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ऑनलाइन फ्रॉड व साइबर से संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी देकर इस सम्बन्ध में अपने परिजनों व आस–पड़ोस के लोगों में जागरुकता फैलाने व हमेशा यातायात के नियमों का पालन करते हुए, परिजनों व लोगों से भी नियमों को पालन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रपुर : पुलिस ने अलग–अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए अवैध रूप से बन रही 165 लीटर शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोमवार को पुलिस ग्राम रहपुरा में छापेमारी कर 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से गुरजीत सिंह निवासी रहपुरा, किच्छा को गिरफ्तार कर लिया। इधर, लालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सतीश कुमार शर्मा ने जुनेजा फार्म रोड के निकट एक व्यक्ति को 65 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# काश्तकार सीख रहें मोटा अनाज उत्पादन के गुर



पिथौरागढ़ : जिला मुख्यालय के रावलगांव में निधि संस्था का दस दिवसीय मोटा अनाज उत्पादन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शुभारंभ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राकेश सिंह कन्याल ने किया। कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष को देखते हुए मोटा अनाज उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। संस्था के निदेशक डॉ. सुनील पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण के लिए में पांच कलस्टर बनाए हैं। स्वयं सहायता समूह के 150 लोग हिस्सा ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी काश्तकारों को मोटा अनाज उत्पादन की जानकारी दे रहे हैं। (एजेंसी)

## सम्पादकीय

### दो साल कड़े फैसलों का दौर

उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर राज्यसभा सांसद तीरथ सिंह रावत ने कुर्सी संभाली थी लेकिन संवैधानिक संकट के चलते उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके पश्चात कई महत्वकांक्षी लोगों के नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सामने आए थे लेकिन केंद्र ने युवा नेता एवं तत्कालीन खटीमा के विधायक पुष्कर सिंह धामी पर दाऊ खेलते हुए उन्हें उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बना दिया। विधानसभा चुनाव हुए सीएम धामी के नेतृत्व में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन धामी स्वयं अपनी सीट खटीमा से हार गए। बावजूद इसके केंद्र ने उन्हें उत्तराखंड की सत्ता सौंपी और अपने दूसरे कार्यकाल के बेहद कम समय में मुख्यमंत्री धामी ने अपनी योजना एवं उत्तराखंड के विकास के प्रति अपने संकल्प से विरोधियों के मुंह बंद कर दिए। जो लोग धाबी को अनुभवहीन मानकर तंज कस रहे थे वह उनके काम करने के अंदाज को देखकर हतप्रभ रह गए। धामी ने उपचुनाव लड़ा और वे भारी मतों के साथ जीत कर विधायक भी बन गए। इसके बाद का सफर मुख्यमंत्री धामी ने ऐसे बड़े फैसले लेकर आगे बढ़ाया जो पूरे देश में एक नजीर बन गए। प्रशासन पर पकड़ से लेकर कड़े फैसले लेने में उन्होंने अच्छे–अच्छे अनुभवी लोगों को सरकार चलाने का तरीका भी सिखाया। धामी कार्यकाल का दो वर्ष पूरे हो चुके हैं और इन दो वर्षों में उनके द्वारा लिए गए फैसले एवं बनाए गए कानून प्रभावी तौर पर अमल में लाई जा रहे हैं। समान नागरिकता संहिता कानून को लेकर भले ही पूरे देश में तर्क वितर्क चल रहा था, लेकिन अपनी नई सरकार के गठन के बाद पहली ही कैबिनेट में सीएम धामी ने इस कानून को लेकर विशेषज्ञ कमेटी बनाने का फरमान जारी कर दिया। यही नहीं उत्तराखंड में विभिन्न परीक्षाओं में भर्ती घोटालों के बाद नकल माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए नकल विरोधी कानून बनाया गया जिसमें नए कानून के तहत देश में प्रथम मुकदमा भी उत्तराखंड में ही दर्ज किया गया। कड़े फैसलों की सूची यहीं नहीं रुकी और जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून लागू कर दिया गया जिसके तहत जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करने पर 2 से 7 साल तक जेल और 25000 जुर्माने का प्रावधान रखा गया। उत्तराखंड की सरकारी जमीनों पर किए गए कब्जे को मुक्त कराने के लिए व्यापक तौर पर ड्रोन से सर्वे कराने का कार्य शुरू कर दिया गया है। धामी सरकार के इसी 2 वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण का रास्ता भी साफ हुआ। पर्यटन की दिशा में चार धाम यात्रा एवं दूसरे पर्यटक स्थलों को विकसित करने के लिए एक ठोस नीति के तहत योजनाओं को फलीभूत किया गया है। हालांकि इन 2 वर्षों के कार्यकाल में भर्ती परीक्षाओं में धांधली को लेकर धार्मिक सरकार विपक्ष के निशाने पर भी रहे साथ ही अंकिता हत्याकांड के बाद सामने आई परिस्थितियों ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया लेकिन उक्त दोनों ही प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करते हुए ना केवल आरोपियों की गिरफ्तारियां की गई बल्कि जिन परीक्षाओं में नकल की पुष्टि हुई उन्हें रद्द भी किया गया। धांधली कर भर्ती हुए लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई जो अभी जारी है। 2 वर्ष पूर्ण करने के कार्यकाल में जिस मनोयोग और इच्छाशक्ति के साथ धामी सरकार ने कार्य किया है उसके परिणाम स्पष्ट तौर पर सामने आ रहे हैं और भविष्य में भी इन फैसलों का असर देखने को मिलेगा। आने वाले समय में हालांकि धामी सरकार के आगे चुनौतियों का अंबार है जिसमें सबसे बड़ी परीक्षा वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर है। कहीं ना कहीं उत्तराखंड की पांचों सीटों पर मुख्यमंत्री धामी और उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी चुनाव परिणामों के तौर पर सामने आएगा।

# विश्व मीडिया में मोदी की यात्रा

**श्रुति व्यास**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त राज्य अमरीका की यात्रा जानदार और शानदार रही। नगाड़े बजे, लाल कालीन बिछे, तालियों की गडगडाहट के बीच नारेबाज़ी हुई और पुरानी दोस्ती को मजबूत करने की नई शुरूआत के दावे किये गएतो इस सबके बीच में कामकाज भी हुआ। यह सब चार दिनों में हुआ। यात्रा के कई यादगार क्षण थे और कई अच्छी तस्वीरें इकठ्ठा हो गईं हैं जो आगे पीआर के काम आएगी। भारत के कथित 'स्वतंत्रइ मीडिया ने यात्रा को जबरदस्त महत्व दिया। ऐसा लग रहा था मानों मीडिया स्वयं चौंधिया गया हो।मीडिया से हमें मालूम हुआ कि न्यूयार्क में होटलों के कमरों में बाईबल की प्रति रखी जाती है! प्रधानमंत्री के भोजन के मेन्यु तक के फोटो और वीडियो प्रकाशित–प्रसारित किए गए। कुल मिलाकर सब प्रसन्न और संतुष्ट थे। बस विलेन था तो केवल अंतर्राष्ट्रीय मीडिया, जिसने आईना दिखाने वाली खबरें देने और संपादकीय लिखने का एक भी मौका नहीं गंवाया। यहां यह याद रखा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा सचमुच महत्वपूर्ण थी क्योंकि यूक्रेन युद्ध पर भारत के रवैये और भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन संबंधी चिंताओं के चलते दोनों देशों के संबंधों में कुछ तनाव, कुछ खटास थी। इसके अलावा अमेरिका और दुनिया सभी के लिए चीन का खतरा भी सबके दिमाग में था।

इसलिए आज का मेरा खुलासाहम–आपके नजरिए से नहीं है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने मोदी की यात्रा को किस रूप में देखा, किस तरह लिया, इस बारे में है।

'द गार्डियनइ में हन्ना एलिस पीटरसन ने लिखा, "भारत अब अहमः अमेरिका नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इस्तेमाल चीन का मुकाबला करने के लिए करना चाहता है" (जून 21)।वे लिखती हैं, "जहाँ बाईडन प्रशासन भारत–अमेरिका के रिश्ते मजबूत करना चाहेगा वहीं भारतीय नेता (अर्थात प्रधानमंत्री मोदी) अगले वर्ष के चुनाव में अपने वोट बढ़ाना चाहते हैं।" उन्होने अपने लेख में विशेषज्ञो और बुद्धिजीवियों के विचारों को स्थान देकर उसे और दिलचस्प बनाया। लंदन विश्वविद्यालय के अविनाश पालीवाल कहते हैं, "भारत स्वयं को एक बड़ी शक्ति मानता है और उसकी अपनी भौगोलिक बाध्यताएं हैं, वह अपने बल पर और अपनी तरह की ताकत बनना चाहता है और वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर उसकी अपनी महत्वाकांक्षाएं हैं। आज भले ही अमेरिका और भारत के नजरिए तथा हित एक हैं किंतु सदैव ऐसा नहीं रहेगा"।

'फारेन अफेयर्सइ पत्रिका में ऐशले जे. टेलिस ने मई 2023 में लिखा था, "भारत पर अमेरिका पर दांव उल्टा पड़ाः नयी दिल्ली, बीजिंग के विरूद्ध वाशिंगटन के साथ खड़ी नहीं होगी" ।उन्होंने चेतावनी दी कि बाईडन प्रशासन भारत में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है परन्तु उसे यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि बीजिंग द्वारा कोई संकट उत्पन्न करने की स्थिति में भारत उसका साथ देगा। ताईवान पर चीन का हमला होने पर भारत, अमरीका के साथ खड़ा नहीं होगा।"

'द अटलांटिकइ ने भी खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। डेनियल ब्लाक ने लिखा, "अमरीका द्वारा मोदी की तारीफ़ भारत के असंतुष्टों के लिए यह



ठीक नहीं है। भारत में प्रजातंत्र संकट में है और प्रजातंत्र के रक्षकों का साथ देने के लिए अमेरिका को सच बोलना चाहिए।"

'द इकानामिस्टइ, जिसने यात्रा के हफ्ता पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर का इंटरव्यू लिया था, ने "जो बाईडन और नरेन्द्र मोदी दोनों देशों को नजदीक ला रहे हैं" शीर्षक लेख में लिखा, "भारत और अमेरिका के रिश्ते इस बात का टेस्ट हैं कि बहुध्रुवीय दुनिया में लोकतांत्रिक देशों के गठबन्धनों का क्या भविष्य है? क्या दोनों पक्ष आपसी सहयोग से व्यापार एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में लाभ हासिल कर सकते हैं, भले ही सैद्धांतिक मुद्दों पर वे उतने एकमत न हों जितना वे बताते हैं।" लेख में बताया गया कि भारत का पश्चिम की ओर झुकना, दरअसल, व्यावहारिकता का तकाज़ा है और नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत एक 'असहिष्णु लोकतंत्रइ बनता जा रहा है। लेख में लिंचिंग की घटनाओं और अल्पसंख्यकों की वंचनातथा भारत के भयभीत मीडिया और नतमस्तक न्यापालिका की चर्चा की गई है।"भारत के 140 करोड़ रहवासियों में से केवल 6 करोड़ के पास औपचारिक रोजगार है। एक ऐसे देश में, जहाँ लोगों को भड़काना अपेक्षाकृत आसान है, मे यह एक विस्फोटक स्थिति है।"

लास एजिंल्स टाईम्स ने लिखा, "भारत के मोदी को बाईडन के दौर में राजकीय यात्रा का अवसर मिला किन्तु मानवाधिकार संबंधी चिंताओं के चलते इसकी चमक कम हो गई" ।सदानंद धूमे ने 'वाल स्ट्रीट जर्नलइ में भारत की राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा, "बाईडन नजदीकी संबंध बनाने का प्रयास करके सही दिशा में कार्य कर रहे हैं किंतु भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि दर और वहां व्याप्त सामाजिक उथलपुथल लंबी अवधि में खतरनाक साबित हो सकते हैं।" इस लेख का शीर्षक थाः 'क्या अमरीका मोदी के भारत पर भरोसा कर सकता है?"

यात्रा के दौरान एनवायटी (न्यूयार्क टाइम्स) मिनट–दर–मिनट खबरें दे रहा था, जिनमें राजकीय भोज में आमंत्रितों के नाम और कौन से व्यंजन परोसे गए, शामिल है। परन्तु इसके साथ ही उसने एक आँखें खोलने वाला विश्लेषण दिया जिसका शीर्षक थाः "यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रहकर भारत कैसे फायदे में है" ।लेख में बताया गया है कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंधो के चलते भारत को कैसे लाभ हो रहा है।

इस सिलसिले में अख़बार ने रिलाइंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली जामनगर रिफायनरी और नायरा एनर्जी के स्वामित्व वाले (गुजरात के) वडिनार काम्प्लेक्स का जिक्र किया है। नायरा का 50 प्रतिशत स्वामित्व रूसी सरकारी तेल कंपनी रोजनेफ्ट का है और बाकी 50 प्रतिशत एक रूसी निवेशक समूह का। इस तरह भारत और रूस दोनों इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं।

लेकिन सबसे बेहतरीन लेख 'गार्डियनइ में था जिसमें अनीषा दत्ता ने बताया कि बतौर लोकतांत्रिक देश अपनी रेटिंग में गिरावट मेंमोदी सरकार अपनी साख–प्रतिष्ठा बचाने के लिए किस तरह गोपनीय रूप से कोशिश कर रही है। इसमें भारत सरकार के कुछ गोपनीय

लास एजिंल्स टाईम्स ने लिखा, "भारत के मोदी को बाईडन के दौर में राजकीय यात्रा का अवसर मिला किन्तु मानवाधिकार संबंधी चिंताओं के चलते इसकी चमक कम हो गई" ।सदानंद धूमे ने 'वाल स्ट्रीट जर्नलइ में भारत की राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा, "बाईडन नजदीकी संबंध बनाने का प्रयास करके सही दिशा में कार्य कर रहे हैं किंतु भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि दर और वहां व्याप्त सामाजिक उथलपुथल लंबी अवधि में खतरनाक साबित हो सकते हैं।" इस लेख का शीर्षक थाः 'क्या अमरीका मोदी के भारत पर भरोसा कर सकता है?"

दस्तावेजों का हवाला है (इस बारे में गपशप स्तंभ में ज्यादा जानकारी उपलब्ध है)।

कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने यात्रा की खबरें वैसी ही दीं जैसी वह थी। उन्होंने न तो प्रधानमंत्री मोदी को मिले सम्मान का जिक्र करने में कोई कसर छोड़ी और ना ही सड़कों पर और सीनेट में हुई तीखी प्रतिक्रियाओं की खबरों की उपेक्षा की। उनके संपादकीय सार्थक और अर्थपूर्ण थे और उनमें आलोचना करने और आशंकाएं व्यक्त करने से कोई परहेज नहीं किया गया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने राष्ट्रों के तौर पर भारत और अमेरिका तथा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति में अंतर किया। उनके लिए न भारत मोदी है, और न मोदी भारत है। ठीक वैसे ही जैसे न अमेरिका बाईडन है और न बाईडन अमेरिका है।

# अंतरिक्ष में रहने का मस्तिष्क पर कैसा असर?




जो यात्री कम समय के लिए अंतरिक्ष में गए थे, उनके मस्तिष्क में बदलाव बेहद मामूली या बिल्कुल नहीं हुआ। लेकिन शोध के दौरान छह महीने या उससे ज्यादा समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले यात्रियों में फैलाव देखा गया।

अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने का मस्तिष्क पर असर होता है। इस बारे में नासा ने अध्ययन किया है। अंतरिक्ष का आकर्षण अपनी जगह है और वहां होने के खतरे अपनी जगह। अंतरिक्ष का वातावरण मानव शरीर के लिए काफी मुश्किल होता है। माइक्रोग्रैविटी के हालात और अन्य कई चीजें शरीर पर बुरा असर डालती हैं। इनमें मस्तिष्क भी शामिल है। नासा ने मानव मस्तिष्क पर अंतरिक्षीय वातावरण के असर को समझने के लिए एक अध्ययन किया है। 8 जून को नासा के विशेषज्ञों ने कहा कि जो अंतरिक्ष यात्री छह महीने से ज्यादा समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या नासा स्पेस शटल पर रहे हैं, उनके मस्तिष्क के बीच के हिस्से में फैलाव पाया गया। इस हिस्से को सेरिब्रल वेंट्रिकल्स कहते हैं और यह मस्तिष्क के बीचोबीच स्थित होता है। इसी में वह द्रव्य जमा होता है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के बीच आता–जाता है। यह गाढ़ा बेरंग पानी जैसा द्रव मस्तिष्क के लिए तकिये जैसा काम करता है और झटका लगने पर उसे सुरक्षा देता है।

अपने अध्ययन के लिए विशेषज्ञों ने 30 अंतरिक्ष यात्रियों के मस्तिष्क का स्कैन किया। उन्होंने पाया कि ऐसी यात्राओं के बाद सामान्य होने के लिए वेंट्रिकल को तीन साल तक का वक्त लगा। इस आधार पर विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि अंतरिक्ष यात्राओं के बीच कम से कम तीन साल का अंतर होना चाहिए।

फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी में न्यूरोसाइंटिस्ट हेदर मैक्ग्रॉगर के नेतृत्व में हुए इस अध्ययन के नतीजे पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुए हैं। मैकग्रॉगर कहती हैं, "अगर वेंट्रिकल्स को सामान्य स्थिति में लौटने के लिए समुचित समय ना मिले तो इससे मस्तिष्क की माइक्रोग्रैविटी में द्रव्य में होने वाले बदलावों से निपटने की क्षमता पर असर पड़ सकता है।"

वेंट्रिकल्स में बदलाव उम्र बढने के साथ–साथ भी देखा जाता है। ऐसा होने पर मरीजों की सोचने–समझने की क्षमता प्रभावित होती है। अन्य शोधकर्ता राखाएल साइडलर के मुताबिक अभी यह नहीं पता है कि वेंट्रिकल्स में आने वाले बदलाव का अंतरिक्ष यात्रियों पर क्या असर होता है। वह कहते हैं, "इसके लिए लंबी अवधि के ज्यादा अध्ययनों की जरूरत होगी। वेंट्रिकल के फैलने से मस्तिष्क में आसपास के उत्तक सिकुड़ सकते हैं।"

अध्ययन में यह भी पता चला कि गुरुत्वाकर्षण ना होने से मस्तिष्क में बदलाव होते हैं। साइडलर बताते हैं, "यह असर यांत्रिक लगता है। हमारी नाडियों में वॉल्व होते हैं जो हमारे शरीर के द्रवों को गुरुत्वाकर्षण के असर में पैरों की ओर बढने से रोकते हैं। अगर गुरुत्वाकर्षण नहीं होगा तो उलटा होगा यानी द्रव सिर की ओर जाएंगे। इससे वेंट्रिकल्स में फैलाव होगा और मस्तिष्क खोपड़ी में ऊपर की ओर खिसक जाएगा।"यह अध्ययन अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के 23 पुरुष और 7 महिला अंतरिक्ष यात्रियों पर हुआ जिनकी उम्र 47 वर्ष के आसपास थी। इनमें से आठ ने करीब दो हफ्ते तक अंतरिक्ष की यात्रा की जबकि 18 ऐसे थे जो छह महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहे। चार ने वहां करीब एक साल बिताया।

# लोकसभा चुनाव की तैयार स्क्रिप्ट!

**हरिशंकर व्यास**

हां, भाजपा हो या कांग्रेस या क्षेत्रीय दल सभी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने को झोंक दिया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा में चिंता नहीं है। इसलिए कि इन राज्यों में भाजपा हार भी गई तो लोकसभा चुनाव में भाजपा जीतेगी तो मोदी–शाह हारे प्रदेशों में वैसे ही वापिस सरकार बना लेंगे जैसे 2018–19 में मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में हारने के बाद बना ली थी। तभी लगता है राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, तेलंगाना को लेकर मोदी–शाह–नड्डा की बैठकों में फैसले नहीं हो रहे हैं। सभी जगह बिना चेहरे के चुनाव लड़ा जाएगा और नरेंद्र मोदी अपने चेहरे पर विश्व गुरू–राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार–परिवारवाद और हिंदू–मुस्लिम राजनीति के त्रिकोण पर हिंदीभाषी हिंदुओं को नए जादू–मंतर दिखाएंगे।

जून के महासंपर्क अभियान में भाजपा के नेताओं–मंत्रियों को लोकसभा सीटों के दायरे में जितना दौड़ाया गया तथा अमेरिका से लौट कर नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में जो भाषण दिया और तमिलनाडु में राज्यपाल से भ्रष्टाचार के आरोप में मंत्री को बरखास्त कराने की जो कार्रवाई हुई है उसके अर्थ दो टूक हैं। लोकसभा चुनाव के रोडमैप पर भाजपा का काम शुरू हो चुका है।

ऐसा विपक्ष के लिए भी कह सकते है। आखिर पटना में विपक्षी पार्टियों के जमवाड़े में भी लोकसभा चुनाव की प्राथमिकता झलकी। नीतीश कुमार हों या मल्लिकार्जुन खडग़े या राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, ममता बनर्जी सभी अब लोकसभा चुनाव को लेकर दिमाग खपाते हुए हैं। तय मानें विपक्ष की बेंगलुरू की अगली बैठक में भी विपक्ष में और समझदारी बनेगी।

हैरानी की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका से लौटने के बाद के एक सप्ताह में भाजपा रणनीति के सभी कार्ड ओपन हुए। नरेंद्र मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि उनकी गारंटी है कि वे विपक्ष के भ्रष्टाचार और परिवारवाद को एक्सपोज करेंगे। एक घर, दो कानून नहीं चलेंगे। उधर राजनाथ सिंह ने कश्मीर में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की बात कही। वही बकरीद के दिन बिहार के लखीसराय में अमित शाह ने वे तमाम बातें कहीं जो भाजपा के जनसंपर्क अभियान के एक महीने में हर जगह बोली गई और आगे जुलाई से मई तक याकि लोकसभा चुनाव तक बोली जानी है।




पहली बात, पीएम मोदी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया। विदेशी उनके पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे हैं। वे विश्व गुरू हैं और उनके कारण भारत विश्व गुरू। दूसरी बात, पाकिस्तान से पहले आतंकी हमले होते थे तो कांग्रेसी चुप बैठ जाते थे। पर नरेंद्र मोदी पीएम बने तो पुलवामा व उरी में हमले हुए तब जवाब सर्जिकल और एयर स्ट्रा-इक से दिया। धारा 370 हटाने पर विपक्ष ने संसद में कांव–कांव करके कहा था इसे हटाओगे तो खून बहेगा। पर खून तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं हुई। तीसरी बात, देखो गुंडाराज, बालू व शराब माफिया राज के सिरमौर पलटू बाबू (नीतीश कुमार) पार्टियों को इक्_ा कर रहे हैं। पीएम बनने के लिए कांग्रेस की चौखट चूम रहे हैं। लालू को मूर्ख बना रहे हैं। वे उन बीजेपी विरोधियों को इक्_ा कर रहे हैं, जिन्होंने 2014 तक 20 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया। चौथी बात, पलटू बाबू पूछ रहे थे कि नौ साल में क्या दिया? अरे नीतीश बाबू ये भारत के विकास और सुरक्षा के नौ साल, ज्पीएम मोदी ने 70 करोड़ गरीबों के लिए काम किया.. वह किया जो आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। आखिरी बात, अशोक धाम के भोले बाबा की कृपा जो मैं आंधी–बारिश के बावजूद आ पाया और बोले भारत माता की ज्जय! आखिर मेंज्जीतना है 2024 के चुनाव में सभी सीटें बीजेपी कोज् खाओ कसम बजरंग बली की!

पहली बात, पीएम मोदी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया। विदेशी उनके पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे हैं। वे विश्व गुरू हैं और उनके कारण भारत विश्व गुरू। दूसरी बात, पाकिस्तान से पहले आतंकी हमले होते थे तो कांग्रेसी चुप बैठ जाते थे। पर नरेंद्र मोदी पीएम बने तो पुलवामा व उरी में हमले हुए तब जवाब सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से दिया। धारा 370 हटाने पर विपक्ष ने संसद में कांव–कांव करके कहा था इसे हटाओगे तो खून बहेगा। पर खून तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं हुई। तीसरी बात, देखो गुंडाराज, बालू व शराब माफिया राज के सिरमौर पलटू बाबू (नीतीश कुमार) पार्टियों को इक्_ा कर रहे हैं। पीएम बनने के लिए कांग्रेस की चौखट चूम रहे हैं। लालू को मूर्ख बना रहे हैं। वे उन बीजेपी विरोधियों को इक्_ा कर रहे हैं, जिन्होंने 2014 तक 20 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया। चौथी बात, पलटू बाबू पूछ रहे थे कि नौ साल में क्या दिया? अरे नीतीश बाबू ये भारत के विकास और सुरक्षा के नौ साल, ज्पीएम मोदी ने 70 करोड़ गरीबों के लिए काम किया.. वह किया जो आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। आखिरी बात, अशोक धाम के भोले बाबा की कृपा जो मैं आंधी–बारिश के बावजूद आ पाया और बोले भारत माता की ज्जय! आखिर मेंज्जीतना है 2024 के चुनाव में सभी सीटें बीजेपी कोज् खाओ कसम बजरंग बली की!

यह लब्बोलुआब, इस पांच सूत्री थीम में अगले दस महीनों में मोदी–शाह–भाजपा एक चक्रवाती तूफान पैदा कर देने वाले हैं। भले मौसम की हकीकत में अल नीनो का सूखा दिखलाई दे रहा हो लेकिन मई 2024 में तो उत्तर भारत में गुजरात से जम्मू और यूपी में बलिया तक भगवा हवा और आंधी को आना ही है।

मोटा मोटी मोदी–शाह का हर काम, हर बात अब लोकसभा चुनाव के लिए है। गर्वनेंस, आर्थिकी, सामाजिक दशा, अंदरूनी–बाहरी दशा सब भूल जाएं और बस यही सुनें कि नरेंद्र मोदी हैं तो देश है, हिंदू हैं और उन्हीं के कारण लोगों को खाने के लिए रोटी और रेवडिय़ां मिल रही हैं। यदि मोदी हार गए तो मुसलमानों का राज आ जाएगा। दुनिया में भारत और हिंदुओं की दो कौड़ी की साख नहीं बचेगी। विश्व गुरू की हैसियत से हिंदू लुढ़क कर दुनिया का गोबर हो जाएंगें। तब कोई पूछेगा ही नहीं!

सवाल है इसके जवाब में विपक्ष की लोकसभा तैयारियां क्या? मोटा मोटी पटना की बैठक ने जाहिर किया है कि सभी नेता मन ही मन समझते हुए हैं कि यदि 2024 के चुनाव में भाजपा पंक्चर नहीं हुई तो हम सब हमेशा के लिए बेतमलब हो जाएंगे। मोदी और अमित शाह दोनों ने हाल के भाषण में गारंटी के साथ कहा है कि वे विपक्ष का भ्रष्टाचार–परिवारवाद एक्सपोज करेंगे। इसके मायने हैं कि आने वाले महीनों में अखिलेश, केजरीवाल, जयंत चौधरी से ले कर ममता बनर्जी, के चंद्रशेखर राव, स्टालिन सब पर सीबीआई–ईडी–इनकम टैक्स की गाज गिरने वाली है। टेंटुआ दबने वाला है। हालांकि जी–20 की सितंबर की बैठक तक प्रधानमंत्री कुछ संभले रह सकते हैं। डंडा शायद अतिवादी नहीं हो।

पर उसके बाद तो फिर मारधाड़ है। सो, भाजपा की लोकसभा चुनाव स्क्रिप्ट पक्की हो गई है।

# मानसून में इन 5 स्वास्थ्यवर्धक मॉकटेल ड्रिंक्स का करें सेवन, आसान है रेसिपी

मौसम का मिजाज बदल चुका है और मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम है, लेकिन इसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में क्यूं न कुछ ऐसे खास मॉकटेल्स बनाए जाएं, जो स्वादिष्ट होने के साथ–साथ आपको हाइड्रेट रखने में भी मदद कर सकें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी मॉकटेल ड्रिंक्स की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन मानसून में फायदेमंद हो सकता है। **मैंगो डिलाइट** सबसे पहले एक कप आम का गूदा, एक कप नारियल पानी, आधा कप नारियल क्रीम, 3 तुलसी के पत्ते, एक बड़ी चम्मच चीनी और थोड़ी–सी बर्फ को मिक्सी में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इस मिश्रण को गिलास में भरे और इस पर आम के कुछ टुकड़े डालें। इसके बाद इस स्वादिष्ट मॉकटेल ड्रिंक को परोसें और खुद भी इसका जायका लें। मॉकटेल ड्रिंक के अलावा आप आम के इन 5 व्यंजनों को भी ट्राई कर सकते हैं।

**कीवी, शहद, सोडा और नींबू के रस की मॉकटेल ड्रिंक** सबसे पहले एक जार में 2 चम्मच नींबू का रस, स्वादानुसार शहद और थोड़ा सोडा पानी मिलाकर नींबू पानी बना लें। अब इस नींबू पानी में 8–10 बारीक कटे कीवी के टुकड़े, 3–4 नींबू के गोल स्लाइस और 4–5 पुदीने की थोड़ी पत्तियां अच्छे से मिलाएं। इसे कम से कम एक से 2 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब तैयार मॉकटेल में बर्फ के टुकड़े डालें और फिर इसका सेवन करें। **ब्लूबेरी लाइम मॉकटेल** सबसे पहले पानी में डेढ़ कप ताजा ब्लूबेरी, एक बड़ी चम्मच कदूकस किया हुआ अदरक और 4 बड़ी चम्मच चीनी डालकर एक उबाल दिलाए और एक चम्मच से ब्लूबेरी को मैश करें।

## मेक्सिको में अमेरिका से आ रही बस पलटी, 8 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी , एजेंसी** ,। मध्य मेक्सिको में ज़ाकाटेकास–साल्टिलो राजमार्ग पर अमेरिका से आ रही एक यात्री बस पलटने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 30 अन्य लोग घायल हो गए।

नेशनल सिविल प्रोटेक्शन कोऑर्डिनेशन ने ट्विटर पर कहा कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6.30 बजे (1230 जीएमटी) में ज़ाकाटेकास के कॉन्सेपसियन डी ओरो शहर के रोकामोंटेस जिले में हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बस अमेरिका में निवास कर रहे मेक्सिकन नागरिकों को गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए उनके गृहनगर जाकातेकास और अगुआस्कालिएंट्स लेकर जा रही थी।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना बारिश के बाद चिकनी सड़क पर तेज गति से गाड़ी चलाने और बस चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोने के कारण हुई। दुर्घटना के बाद, पैरामेडिकल के लोगों ने घायलों का इलाज किया और गंभीर लोगों को अस्पताल में भर्ती किया।

## जेनिन में कार्यवाही रोकने के लिए इजरायल के संपर्क में मिस्र

**काहिरा , एजेंसी** ,। वेस्ट बैंक के जेनिन में इजरायली कार्यवाही रोकने के लिए मिस्र इजरायल के संपर्क में है। इससे पहले, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जेनिन में इजरायली कार्यवाही में आठ फिलिस्तीनी मारे गए हैं, 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। इजरायल ने वेस्ट बैंक में अपना सबसे बड़ा हवाई और जमीनी कार्यवाही शुरू किया। इजरायली रक्षा बलों के विमानों ने जेनिन शरणार्थी शिविर में तथाकथित आतंकवादी अवसंरचना पर 10 से ज्यादा हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक मिसाइल लॉन्चर, हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है।

## पोलैंड नाटो शिखर सम्मेलन से पहले विनियस में विशेष बल तैनात करेगा

**वारसा , एजेंसी** ,। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने आगामी नाटो शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के लिए लिथुआनिया में एक विशेष बल तैनात करने काआदेश पारित किया, जो 11–12 जुलाई विनियस में होने वाला है। यह जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो ने दी।

राष्ट्रपति डूडा ने लिथुआनिया को सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए एक अंतर–संबद्ध अभियान में पोलिश सैन्य बलों का उपयोग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किया है।

विशेष बल में 75 सैनिक और अन्य सैन्यकर्मी, दो एस–70 आई ब्लैक हॉक, एक एमआई–17 हेलीकॉप्टर और एक ड्रोन–रोधी प्रणाली शामिल है। इसने कहा कि सैन्य बलों को 4–17 जुलाई, 2023 तक लिथुआनिया में तैनात किया जाएगा।बयान के अनुसार, विशेष बल का उपयोग नाटो शिखर सम्मेलन की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने, लिथुआनिया की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसने कहा कि पोलिश सेना लिथुआनिया के हवाई क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ देश के नागरिकों और इसकी प्रमुख सुविधाओं की भी रक्षा करेगी।

## इंडिपेंडेंस डे से पहले अमेरिका में शूटआउट

**फिलाडेल्फिया , एजेंसी।** अमेरिका में इंडिपेंडेंस डे से एक दिन पहले एक बार फिर भीषण गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां फिलाडेल्फिया में गोलीबारी की एक घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। घायल होने वालों में 2 बच्चे भी शामिल हैं।

# यूसीसी लागू करने का यही सही समयः धनखड़

## राष्ट्र और राष्ट्रवाद की कीमत पर नहीं हो सकती राजनीतिक हिस्सेदारी



**गुवाहाटी , एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समान नागरिक संहिता को लागू करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सही समय है जब समान नागरिक संहिता को लागू करना चाहिए। जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यूसीसी के कार्यान्वयन में कोई भी और देरी हमारे मूल्यों के लिए हानिकारक होगी।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि देश अपने नागरिकों के लिए यूसीसी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। उपराष्ट्रपति मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बयान दिया।

आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (डीपीएसपी) 'देश के शासन में मौलिक' हैं और उन्हें नियमबद्ध करना राज्य का कर्तव्य है। कई डीपीएसपी पहले ही कानून में तब्दील हो चुके हैं। उदाहरण के लिए पंचायतें, सहकारी समितियां और शिक्षा का अधिकार आदि।

उपराष्ट्रपति ने कहा, ये संविधान के संस्थापकों के विचारों की प्रक्रिया थी। अब यूसीसी को लागू करने का समय आ गया है और इसमें बाधा या अधिक देरी का कोई औचित्य नहीं हो सकता है। संविधान निर्माता निश्चिंत थे कि देश के शासन में मौलिक निदेशक सिद्धांत कानून बनाने में राज्य के कर्तव्यों में परिलक्षित होंगे। इस आधार जब यूसीसी लागू करने का प्रयास किया जाता है तो कुछ लोगों की प्रतिक्रिया स्तब्धकारी होती है।

राजनीतिक हिस्सेदारी राष्ट्र और राष्ट्रवाद की कीमत पर नहीं हो सकती है।

धनखड़ ने कहा, यूसीसी को सही ढंग से समझा जना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्र को अधिक प्रभावी ढंग से बांधेगा। अगर इसके क्रियान्वयन में अधिक देरी होती है तो यह हमारे मूल्यों के लिए हानिकारक होगा। राजनेता अपनी इच्छानुसार राजनीति कर सकते हैं, लेकिन राष्ट्र और राष्ट्रवाद के प्रति सम्मान होना चाहिए।

## भगवंत मान ने किया यूसीसी का विरोध, कहा– देश गुलदस्ते की तरह, इससे छेड़छाड़ न करें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध किया है। मंगलवार को पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। समान नागरिक संहिता की क्या जरूरत है? जब सामाजिक रूप से सब एक समान हो जाएंगे तो इसे लागू कर दें। देश एक गुलदस्ते की तरह है। गुलदस्ते में हर रंग के फूल हैं और हर रंग की एक अलग संस्कृति है। इससे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए।



मुख्यमंत्री मान की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने सैद्धांतिक रूप से यूसीसी का समर्थन किया है। मान ने आगे कहा कि संविधान कहता है कि पूरा समाज एक समान हो जाए तो ऐसे कोड लागू करें। क्या हम सामाजिक तौर पर बराबर हो गए हैं? अभी भी बहुत से दलित लोग हैं, जिन्हें पढ़ने का समय नहीं मिलता, अर्थव्यवस्था के कारण किसी को काम करने का समय नहीं मिलता।

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत चीमा ने कहा कि यह अच्छी बात है, मुख्यमंत्री को इसकी समझ आने लगी है लेकिन इससे आप का दोहरा चेहरा भी सामने आया है। कुछ दिन पहले आप नेता व सांसद संदीप पाठक ने राष्ट्रीय स्तर पर यूसीसी का समर्थन किया। इससे साफ हुआ कि केजरीवाल खुद यूसीसी के हक में हैं।

## बीजेपी ने कई राज्यों के अध्यक्ष बदले, झारखंड में बाबूलाल मरांडी, पंजाब में सुनील जाखड़ को कमान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने देश में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव को देखते हुए 4 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए है। तेलंगाना में किशन रेड्डी, पंजाब में सुनील जाखड़, आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी और झारखंड में बाबूलाल मरांडी को जिम्मेदारी सौंपी गई ह। देश में अगले साल लोकसभा चुनाव हैं ऐसा माना जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ही ये फेरबदल किए गए हैं।

जी. किशन रेड्डी को तेलंगाना के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, डी. पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बने, सुनील जाखड़ पंजाब के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं।बाबूलाल मरांडी झारखंड में बीजेपी के कद्दावार नेता माने जाते हैं। वो राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने अपनी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी में विलय करवा लिया था। गौरतलब है कि झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। अभी एनडीए गठबंधन के पास 12 सीट हैं। सुनील जाखड़ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। पूर्व में वो कांग्रेस पार्टी के भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। सुनील जाखड़ को इससे पहले राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया था।

## बालासोर रेल हादसा: स्टेशन मास्टर की गलती ने ली 292 लोगों की जान

**बालासोर , एजेंसी।** बालासोर रेल हादसे को लेकर कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी यानी सीआरएस ने रिपोर्ट जारी कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन विभाग में कई स्तरों पर हुई चूक के कारण रेल हादसा हुआ था। रिपोर्ट में सिग्नलिंग और दूरसंचार (एस एंड टी) विभाग में कई स्तरों पर चूक के बारे में भी बताया है। साथ ही संकेत दिया कि अगर पिछली चेतावनी को ध्यान में रखा जाता तो त्रासदी से बचा जा सकता था।रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस) ने रेलवे बोर्ड को सौंपी स्वतंत्र जांच रिपोर्ट में कहा है कि सिग्नलिंग कार्य में खामियों के बावजूद अगर स्टेशन प्रबंधक ने एस एंड टी कर्मचारियों को दो समानांतर पटरियों को जोडने़ वाले स्विचों के 'बार–बार असामान्य व्यवहारइ की सूचना दी होती तो वे उपचारात्मक कदम उठा सकते थे।

## बीजेपी विधायक के पूर्व प्रतिनिधि ने नशे में आदिवासी युवक पर किया पेशाब

**सीधी , एजेंसी।** सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला के पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रवेश शुक्ला एक व्यक्ति के ऊपर पेशाब करते हुए दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया है। निर्देश दिए हैं कि अपराधी को किसी कीमत पर न छोड़ा जाए। कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अपराधी पर एनएसए भी लगाया जाए। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एनएसए के तहत केस दर्ज किया है। उधर, भाजपा ने कहा है कि प्रवेश शुक्ला का पार्टी से कोई लेना–देना नहीं है। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि इस घटना से पूरा मध्य प्रदेश शर्मसार हुआ है।

यह वीडियो नौ दिन पहले का बताया जा रहा है। सीधी जिले के कुबरी बाजार में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक बैठा था। प्रवेश शुक्ला ने नशे की हालत में उसके ऊपर पेशाब कर दी। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसे लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्ति की है। ग्राम कुबरी के रहने वाले प्रवेश शुक्ला पूर्व में विधायक प्रतिनिधि थे। वर्तमान में वे सक्रिय बीजेपी कार्यकर्ता हैं। प्रवेश शुक्ला सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पूरे मामले को



लेकर एडिशनल एसपी सीधी अंजुलता पटले ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद हम इसकी जांच कर रहे हैं कि इस वीडियो में कौन है?

सीधी जिले के बेहारी पुलिस थाना में प्रवेश शुक्ला के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 और 504 के तहत केस दर्ज हुआ है। वहीं एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर)(एस) की धारा भी लगाई गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि मेरे संज्ञान में सीधी जिले का एक वायरल वीडियो आया है। मैंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर एनएसए भी लगाया जाए। इससे पहले भाजपा प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने कहा कि प्रवेश शुक्ला नाम के व्यक्ति का भारतीय जनता पार्टी से कोई संबंध नहीं है। हर कुत्सित कृत्य जो आदिवासी समाज के विरोध में किया जाएगा, भारतीय जनता पार्टी उसका सदैव विरोध करेगी। भाजपा मप्र इस व्यक्ति के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

## राज्य को मिली साईं हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर की सौगात

### पीएम मोदी ने किया वर्चुअली उद्घाटन

**पुट्टपर्थी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में साईं हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअली उद्घाटन किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 'मैंने इस कन्वेंशन सेंटर की तस्वीरें देखी हैं। यह आध्यात्मिक सम्मेलनों और अकादमिक कार्यक्रमों का केंद्र होगा। दुनिया भर से विशेषज्ञ यहां आएंगे और मुझे उम्मीद है कि यह केंद्र देश के युवाओं की मदद करेगा।।'

वर्चुअली समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर के रूप में देश को एक प्रमुख विचार केंद्र मिल रहा है। इस सेंटर में आध्यात्मिकता की अनुभूति भी है और



आधुनिकता की आभा भी है। इसमें सांस्कृतिक दिव्यता भी है और वैचारिक भव्यता भी है।

कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि कोई भी विचार तभी प्रभावी होता है, जब उस पर अमल किया जाए। उन्होंने कहा कि आज भारत कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहा है और विकास और विरासत को आगे बढ़ा रहा है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। समाज के हर वर्ग की भागीदारी से आज बदलाव आ रहा है।

श्री सत्य साईं के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे हमेशा सत्य साईं का आशीर्वाद मिला। इस पूरे आयोजन के दौरान श्री सत्य साईं की प्रेरणा और आशीर्वाद हमारे साथ है। मैंने इस कन्वेंशन सेंटर की तस्वीरें देखी हैं, इस केंद्र में आध्यात्मिकता की भावना है और आधुनिकता की उपस्थिति। इसमें सांस्कृतिक दिव्यता के साथ–साथ वैचारिक भव्यता भी है। दुनिया भर से विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान यहां जुटेंगे।'

## नशे में धुत शख्स ने राष्ट्रपति भवन की दीवार से टकरा दी कार

**नई दिल्ली , एजेंसी** । शराब के नशे में लापरवाही से कार चला रहे 59 वर्षीय एक व्यक्ति की कार सड़क पर लगे लोहे के गार्डर से टकराने के बाद राष्ट्रपति भवन की दीवार से जा टकराई। 1 जुलाई को कार चला रहा एक व्यक्ति लापरवाही से लोहे के गार्डर से टकरा गया और राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 5 से सटी दीवार से जा टकराया।

एफआईआर में कहा गया है, तेज आवाज सुनकर दारा शिकोह रोड पर राष्ट्रपति महल के गेट नंबर 5 के पास तैनात एक पीसीआर वाहन तुरंत घटनास्थल पर पहुंच। एक अधिकारी ने कहा कि हालांकि ड्राइवर को कोई चोट नहीं आई, लेकिन वह नशे की हालत में पाया गया।

## हैदराबाद–दिल्ली रेल मार्ग पर होगी ओडिशा जैसी त्रासदी! गुमनाम पत्र ने मचाया हड़कंप

**हैदराबाद , एजेंसी** । दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) को एक गुमनाम पत्र मिला है, इसमें हैदराबाद–दिल्ली मार्ग पर ओडिशा जैसी ट्रेन त्रासदी की धमकी दी है। पिछले सप्ताह एससीआर मंडल प्रबंधक को मिले पत्र में धमकी दी गई थी कि हैदराबाद–दिल्ली रूट पर ओडिशा जैसा रेल हादसा होगा। रेलवे अधिकारियों ने पत्र मिलने की सूचना हैदराबाद पुलिस को दे दी है। पुलिस उपायुक्त चंदना दीप्ति ने कहा कि उन्हें तीन दिन पहले सूचना मिली थी और पुलिस पत्र भेजने वाले का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

गौरतलब है कि जून को ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे में 290 से ज्यादा लोग मारे गए थे। उच्च स्तरीय जांच के निष्कर्षों के अनुसार, दुर्घटना के पीछे गलत सिग्नलिंग मुख्य कारण था। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने दुर्घटना के पीछे तोडफ़ोड़ या साजिश की किसी भी संभावना से इनकार किया, हालांकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) संभावित आपराधिक कोण से दुर्घटना की जांच कर रही है।इस बीच, एससीआर के महाप्रबंधक (जीएम) अरुण कुमार जैन ने सोमवार को सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। सभी छह मंडलों (सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़) के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। जैन ने ट्रेन संचालन की सुरक्षा और ज़ोन में ट्रेनों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कार्यबल के प्रबंधन पर समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को स्थापित सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और कर्मचारियों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए नए विचारों के साथ आने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से जोन पर सुरक्षा अभियान जारी रखने और ट्रेन परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण तेज करने को भी कहा।एससीआर जीएम ने मंडल अधिकारियों और कर्मचारियों को समय–समय पर जारी रेलवे बोर्ड दिशानिर्देशों के अनुसार सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

## क्रिप्टोकरंसी में पैसा गंवाने के बाद इंजीनियर ने रची खुद के अपहरण की साजिश

**लखनऊ, एजेंसी** । क्रिप्टो–ट्रेडिंग में नुकसान झेलने के बाद 25 वर्षीय एक इंजीनियर ने अपने परिवार से पैसे ऐंठने के लिए खुद के अपहरण की साजिश रची। नमन कुमार, अमन, जो एक आईटी कंपनी के लिए काम करता है, ने कथित तौर पर खुद को अपहरणकर्ता के रूप में पेश किया और अपने माता–पिता को विभिन्न वॉयस मॉड्यूलेशन ऐप के माध्यम से उन्हें धमकी देने के लिए बुलाया। पुलिस के मुताबिक, उन्हें सोमवार दोपहर को नमन के परिवार से शिकायत मिली। नमन की मां ट्विंकल ने शिकायत की कि उनके बेटे का केजीएमयू के पास से अपहरण कर लिया गया था और उन्हें उसके फोन से 20 लाख रुपये की जबरन वसूली के लिए कई कॉल और संदेश मिले।

अतिरिक्त डीसीपी पश्चिम, चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा, हमने संदेशों और कॉलों का अध्ययन किया। कॉल करने वाला 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की कोशिश कर रहा था और बातचीत के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस टीम परिवार के घर गई और कई सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। हमने पाया कि वह आदमी बार–बार कह रहा था कि आपके बेटे का भी वही हश्र होगा जो 'वीरेनइ का हुआ था, जिसका बहुत पहले बिहार के रोहतास जिले से अपहरण कर लिया गया था और वह कभी वापस नहीं लौटा।सिन्हा ने कहा, इस बीच, तकनीकी निगरानी हमें अमौसी हवाईअड्डे तक ले गई और हमने सीसीटीवी की जांच की, इसमें नमन को सुबह 10 बजे अमौसी हवाईअड्डे पर उतरते और फिर बीच में अपने दोस्तों से मिलते देखा गया। इसके अलावा, तकनीकी टीम ने नाका हिंडोला इलाके में नमन के मोबाइल फोन की लोकेशन को ट्रैक किया, इसके बाद अलर्ट जारी किया गया और सादे कपड़ों में पुलिस की छह टीमों द्वारा लगभग 250 होटलों की जांच की गई।

एडीसीपी ने कहा, हमें नमन कुमार चारबाग के पानदरीबा इलाके में विमल रेजीडेंसी में मिला।

## "मोदी जैसा कोई दूसरा नेता नहीं": अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम ने सबकुछ पलट दिया।अजित पवार उपमुख्यमंत्री बन गए और राकांपा के आठ विधायक मंत्री पद पा गए। इसे कुछ लोग भाजपा की बड़ी जीत मान रहे हैं। वहीं, डिप्टी सीएम का पद संभालने के बाद अजीत पवार ने 4 जून (मंगलवार) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दक्षिण मुंबई में अपने राकांपा गुट के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा, "देश पीएम



मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। पवार ने कहा, "हम उनका समर्थन करने के लिए सरकार में शामिल हुए हैं। मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। उनका कोई विकल्प नहीं है।"

इसके अलावा, अजित पवार ने बताया कि 4 जून (मंगलवार शाम) को राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को नागपुर रवाना होना पड़ा है, जिसके कारण राज्य मंत्रालय में विभागों के आवंटन की घोषणा तुरंत नहीं की जा सकती है।

## केजरीवाल दिल्ली के जनता के पैसे से विज्ञापन पर अपना महिमामंडित करवाते हैं : भाजपा

**नई दिल्ली , , एजेंसी** । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की जनता की गाढ़ी कमाई को अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी दिल्ली की सरकार को महिमामंडित करने वाले विज्ञापन पर खर्च करने के लिए पैसा है, किन्तु दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ रीजनल रैपिड टांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) सहित जनहित में काम करने के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो बातें बार–बार कह रही है, उन बातों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा ईडी मामले में मनीष सिसोदिया की बेल रिजेक्ट करने के आब्जर्वेशन ने सही ठहराया है। भाटिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। ईमानदार सरकार की जिम्मेदारी है कि जनता के पैसा का लूट–खसोट करने वाले लोगों को पकड़कर सजा दिलाए। भाटिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दो महत्वपूर्ण फैसले सुनाए हैं। केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि कि केजरीवाल सरकार के पास दिल्ली–मेरठ आरआरटीएस प्रोजेक्ट में योगदान करने के लिए पैसा नहीं है जबकि भ्रष्टाचारी केजरीवाल सरकार ने तीन वर्षो में सिर्फ अपना महिमा मंडन करने के लिए 1106 करोड़ रुपए विज्ञापन पर खर्च किया है।

## 17 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ में पवित्र शिवलिंग के किए दर्शन

**श्रीनगर , एजेंसी।** 17 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने तीसरे दिन अमरनाथ यात्रा की, जबकि 6,597 यात्रियों का एक और जत्था मंगलवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को यात्रा के तीसरे दिन 17 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की, जबकि 6,597 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था मंगलवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से एक सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ।अधिकारियों ने कहा, इनमें से 4975 पुरुष, 1429 महिलाएं, 33 बच्चे, 151 साधु और 9 साध्वियां हैं। यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंच रहे हैं, जिसमें पहलगाम बेस कैंप से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है या उत्तरी कश्मीर बालटाल बेस कैंप से 13 किलोमीटर की चढ़ाई से होते हुए जा रहे हैं।

पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में 3–4 दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर 'दर्शनइ करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं।

दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

# क्रिकेट में वापसी पर सूर्या और कोहली के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता हूं: एबी डिविलियर्स



नई दिल्ली,वर्ष 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले दक्षिण अफ्रीका के महान विकेटकीपर बल्लेबाज एबी डिविलियर्स दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। एबीडी आईपीएल में रॉयल चैलेंजर बैंगलोर का हिस्सा थे। कुल मिलाकर, उन्होंने आईपीएल में 184 मैचों में 39.71 की औसत से 5162 रन बनाए हैं।39 वर्षीय आरसीबी के लिए तीन सीजन तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और 2011 में शामिल होने के बाद से टीम के लिए शीर्ष तीन रन बनाने वालों में उनका लगातार नाम रहा था। एबीडी ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जबकि आईपीएल से उन्होंने साल 2021 में संन्यास लिया था।

जियो सिनेमा के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एबीडी से पूछा गया कि क्या वह कभी आराम से बैठकर सोचते हैं कि उनके पास कितने साल बचे हैं। जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि ऐसी संभावना है कि वह अभी भी खेल सकते हैं लेकिन अगर वह खेलते भी हैं तो वह सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा,निश्चित रूप से। मैं अब भी खेल सकता था. लेकिन अब पहले जैसा नहीं है, यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ होने के बारे में है। अगर मैं वापस आऊंगा तो सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता हूं और मैं सूर्या और कोहली के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता हूं और मुझे बस यही लगा कि मैं अपने करियर के आखिरी चार साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल सका। मैंने निश्चित रूप से अपने करियर के अंत में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला। उन्होंने कहा,मैं कभी भी साल के दो या तीन महीने नहीं खेल सकता क्योंकि मैं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता हूं, और अगर आप साल के तीन महीने खेलते हैं तो आप ऐसा नहीं कर सकते। बिल्कुल कोई मौका नहीं. हाँ, आप नौ महीने तक अभ्यास कर सकते हैं। किसी भी चीज़ की तुलना मध्य अभ्यास से बाहर होने और प्रतिस्पर्धा से नहीं की जा सकती। पिछले कुछ वर्ष उस संबंध में भी कठिन थे। मैं अब भी कई लीगों में अपनी शानदार पारी खेल सकता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता। मैं सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता हूं। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 114 टेस्ट खेले हैं और 278 के सवोच्च स्कोर के साथ 8765 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 46 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं, उन्होंने 228 एकदिवसीय मैचों में 176 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 9577 रन बनाए हैं, इस दौरान उन्होंने 25 शतक और 53 अर्धशतक लगाए हैं।

### न्यूकैसल यूनाइटेड ने सैंड्रो टोनाली के साथ किया करार

लंदन,। प्रीमियर लीग क्लब ने सोमवार को कहा कि न्यूकैसल यूनाइटेड ने एसी मिलान के इतालवी मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के साथ 2028 तक पांच साल का अनुबंध किया है। हालांकि किसी वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, न्यूकैसल ने मिलान को अतिरिक्त शुल्क के साथ 70 मिलियन यूरो का भुगतान किया है। यदि टोनाली को यह शुल्क मिला है तो यह उन्हें अब तक का सबसे महंगा इतालवी खिलाड़ी बना देगा, जबकि यह एसी मिलान के लिए भी एक रिकॉर्ड बिक्री है, जो 2009 में ब्राजीलियाई मिडफील्डर काका के लिए रियल मैड्रिड द्वारा भुगतान की गई 68 मिलियन यूरो की राशि को पीछे छोड़ देगा।

एक समय इटली के महान खिलाड़ी एंड्रिया पिरलो के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने वाले 23 वर्षीय टोनाली ने मिलान को 2021—22 सीजन में 11 वर्षों में पहला सीरी ए खिताब दिलाने में मदद की और उन्होंने पिछले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक बहुमुखी मिडफील्डर, टोनाली ने पिछले सीजन में मिलान के किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में अधिक मैच खेले और सभी प्रतियोगिताओं में लगभग 4,000 मिनट मैदान पर बिताए। करार पर टोनाली ने कहा, सबसे पहले, मैं न्यूकैसल यूनाइटेड को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि यह मुझे मेरे करियर के लिए एक बड़ा अवसर दे रहा है। मैं पिच पर अपना सब कुछ देकर उनके भरोसे पर खरा उतरना चाहता हूं, जैसा कि मैंने हमेशा किया है।

# इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 1,000 रन

लंदन,इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने टेस्ट क्रिकेट में 1,000 रन पूरे कर लिए। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज डकेट ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन रविवार को यह उपलब्धि हासिल की।



डकेट ने मैच की पहली पारी में 134 गेंदों में 98 रन बनाए, जिसमें नौ चौके शामिल हैं। दूसरी पारी में, उन्होंने 112 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 83 रन बनाए। इसके साथ ही डकेट ने 12 टेस्ट मैचों में 48.19 की औसत से 1,012 रन बनाए हैं। उन्होंने 182 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ दो शतक और सात अर्द्धशतक बनाए हैं। वह 85.47 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

डकेट इस साल शानदार फॉर्म में हैं। पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने 60.55 की औसत से 545 रन बनाए हैं। उन्होंने 10 पारियों में एक शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 182 है। डकेट की अब तक एशेज शृंखला अच्छी रही है। उन्होंने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक बनाए, लेकिन पहले टेस्ट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह दोनों पारियों में 20 रन का आंकड़ा नहीं छू पाए।

शृंखला के दो मैचों की चार पारियों में उन्होंने 53.00 की औसत से 212 रन बनाए, जिसमें दो अर्द्धशतक भी शामिल हैं। वह स्टोक्स (216 रन) के बाद अब तक सीरीज में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 416 रन बनाए, जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 325 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 91 रन की बढ़त हासिल की और दूसरी पारी में 279 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 371 रन का लक्ष्य रखा। 371 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने बेन स्टोक्स (155) के शतक और डकेट (83) के अर्धशतक के बावजूद 327 रन ही बना सकी और 43 रन से मैच हार गई।

# बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। नौ जुलाई से मीरपुर में शुरू होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। सभी मैच मीरपुर के शेर–ए–बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में खेले जाएंगे।

बांग्लादेश दौरे के लिए चयनीत 18 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम में दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष को जगह नहीं मिला है। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुकाबला करेगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। वहीं रेणुका सिंह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को टीम में शामिल नहीं किए जाने को लेकर सेलेक्टर्स की ओर से कोई बयान नहीं आया है।बांग्लादेश दौरे के लिए चयनीत टीम इस प्रकार है–

एकदिवसीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा, यास्तिका (विकेटकीपर), हरलीन, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पुनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, स्नेह राणा।

टी20 टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा, यास्तिका (विकेटकीपरं), हरलीन, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेरेड्डी, मिन्नू मणि।

# पीकेएल—10 के लिए अदाणी गुजरात जायंट्स ने न्यू यंग प्लेयर्स का ट्रायल पूरा किया

अहमदाबाद, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स टीम ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के बहुप्रतीक्षित 10वें सीजन से पहले न्यू यंग प्लेयर्स (एनवाईपी) का सिलेक्शन करने के लिए ट्रायल्स पूरा कर लिया है।गुजरात जायंट्स की स्थापना 2017 में हुई थी, जिसने चेन्नई, नई दिल्ली और अहमदाबाद में एनवाईपी ट्रायल्स आयोजित किए हैं। तीनों शहरों में 250 से अधिक युवा कबड्डी खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। ट्रायल का अंतिम राउंड अहमदाबाद की ओएनजीसी कॉलोनी में आयोजित हुआ।

ट्रायल के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किये गए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी सीजन के करीब आने पर अपनी पसंदीदा टीम को अंतिम रूप देगी। ट्रायल प्रोग्राम के सफल आयोजन के बाद गुजरात जायंट्स इसमें से चार श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन करके आगामी सीजन के लिए टीम में शामिल करेगा। पिछले साल जायंट्स टीम के सबसे सफल सदस्यों में से एक रेडर परतीक दहिया थे। परतीक ने काफी तेजी से स्कोर बनाए थे। मुख्य कोच राम मेहर सिंह को ट्रायल्स के माध्यम से परतीक जैसी प्रतिभाओं के सामने आने की उम्मीद है।



कोच राम मेहर सिंह ने कहा, हमने अगले सीजन से पहले अपना एनवाईपी ट्रायल पूरा कर लिया है और कुछ बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। हम अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चाहते हैं और उसी के अनुसार उनका चयन करेंगे। यह प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई है और हम जल्द ही अपनी पसंद को अंतिम रूप देंगे और नामों की घोषणा करेंगे। यकीन मानिए, हमारे लिए फैसला आसान नहीं होगा और मैं इस बात से खुश हूं। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन मैनेजमेंट और टीम ने हमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने के लिए खुली छूट दी है और हमें उम्मीद है कि सीजन के लिए हमारे लिए चीजें दुरुस्त हो जाएंगी। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के प्रमुख सत्यम त्रिवेदी ने कहा, अडाणी स्पोर्ट्सलाइन एनवाईपी प्रोग्राम ट्रायल के लिए जबरदस्त रिस्पांस देखकर रोमांचित है। इसमें रजिस्ट्रेशन की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई है। इन ट्रायल्स के पहले उद्देश्य के दो पहलू थे। पहला असाधारण प्रतिभा वाली गुजरात जायंट्स टीम को मजबूत करना और दूसरा राज्य के महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को पेशेवर लीग में कदम रखने का सुनहरा अवसर प्रदान करना। एथलीटों ने अपने स्किल और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सराहनीय परफार्मेंस दिया है। पीकेएल के 10वें सीजन के लिए सबसे असाधारण प्रतिभा का चयन करने की जिम्मेदारी अब कोचिंग स्टाफ की है। हम यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि टीम सफलता हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## फिल्मी सफर

# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की रिलीज डेट का ऐलान, प्रोजेक्ट के से होगी टक्कर

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम पठान में खलनायक की भूमिका निभा लोगों का दिल जीतने के बाद अब अपनी नई फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। अभिनेता अब जल्द ही शिवम नायर के निर्देशन में बनी द डिप्लोमैट में नजर आएंगे, जिसके रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की प्रोजेक्ट के से टकराएगी, जो उसी दौरान रिलीज हो रही है। ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच की भिड़ंत देखना काफी दिलचस्प होगा। जॉन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा की है, जो काफी दमदार लग रहा है। पोस्टर मे जॉन सूट पहने हुए जेब में हाथ डाले नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, कुछ युद्ध युद्धक्षेत्र के बाहर भी लड़े जाते हैं। एक नए तरह के हीरो के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि हाई–ऑक्टेन ड्रामा द डिप्लोमैट को रिलीज डेट मिल गई है। यह फिल्म दुनियाभर में 11 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। द डिप्लोमैट 11 जनवरी को रिलीज हो रही है तो इसके अगले ही दिन 12 जनवरी को



प्रोजेक्ट के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ऐसे में दोनों फिल्म के बीच बॉक्स ऑफिस पर कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। प्रोजेक्ट के में प्रभास के साथ पहली बार दीपिका पादुकोण नजर आएंगी तो अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी मुख्य भूमिका में हैं। नाग अश्विन की इस फिल्म की फिलहाल शूटिंग चल रही है। फिल्म द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। नायर की द डिप्लोमैट को टी–सीरीज, जेए एंटरटेनमेंट, वाकाऊ फिल्म्स, फॉर्च्यून पिक्चर्स, सीता फिल्म्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अलावा रितेश शाह ने इस हाई–ऑक्टेन ड्रामा फिल्म की पटकथा लिखी है। जॉन 2019 में आई एक्शन थ्रिलर बाटला हाउस के बाद एक बार फिर निखिल आडवाणी के साथ बड़े पर्दे पर लौटने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता आडवाणी की सच्ची घटनाओं से प्रेरित अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म उनके साथ शरवरी वाघ और अभिषेक बनर्जी भी मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा अभिनेता मानुषी छिल्लर के साथ दिनेश विजान की तेहरान का भी हिस्सा हैं, जो इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज

करण जौहर निर्देशित फिल्म ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानीह्न का टीजर हाल ही में लॉन्च होने के बाद अब इसका पहला गाना ह्यतुम क्या मिलेह्न रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में प्रोड्यूसर करण जौहर ने बिना किसी डायलॉग के इस गाने को बैकग्राउंड में जोड़ दिया है। 3 मिनट 21 सेकंड का गाना पूरी तरह से बर्फीले इलाके में शूट किया गया है और आलिया की शिफॉन साड़ियों ने ध्यान खींचा है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। ऐसा कहा जाता है कि बॉलीवुड का कोई भी फिल्मी गाना मशहूर गायक अरिजीत सिंह के बिना पूरा नहीं होता। फिल्म ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानीह्न को अरिजीत की जादुई आवाज का साथ मिला है। युगल गीत तुम क्या मिलेज्को लोकप्रिय गायक अरिजीत सिंह और गायिका श्रेया घोषाल ने गाया है।

# बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही कार्तिक–कियारा की फिल्म, तीसरे दिन हुई सबसे ज्यादा कमाई

कियारा आडवाणी और कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म सत्यप्रेम की कथा 29 जून को ही सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और ऑडियंस की तरफ से पॉजीटिव रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है. कार्तिक–कियारा की फिल्म ने अपनी रिलीज के दो दिनों के अंदर ही शानदार कमाई की है.सत्यप्रेम की कथा वर्ल्डवाइड रिलीज की गई थी और बॉक्स अब इसने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ का नेट पर कर लिया है. कार्तिक और कियारा की फिल्म के लिए ये एक अच्छी शुरुआत थी. वहीं दूसरे दिन की बात करें तो वर्किंग डेज में आमतौर पर ऑडियंस काम रहती है. इसके तहत फिल्म की कमाई के 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और फिल्म ने 7



करोड़ की कमाई की. रिलीज का तीसरा वीकेंड था जो कि फिल्म के लिए अच्छा साबित हुआ और सुबह–सुबह ही फिल्म को 20 प्रतिशत का उछाल मिला. इस तरह से अंदाजा लगाया जा रहा है कि सत्यप्रेम की कथा की तीसरे दिन का वर्ल्डवाइड क्लेक्शन 11.75–12 करोड़ रुपए हो सकता है क्योंकि तीसरे दिन फिल्म को 68 प्रतिशत तक का उछाल मिला था. कहा ये भी जा रहा है कि फिल्म इस वीकेंड के साथ 40–41 करोड़ की कमाई कर सकती है.

बता दें कि सत्यप्रेम की कथा कार्तिक आर्यन की इस साल की दूसरी फिल्म है. इससे पहले वे कृति सेनन के साथ शहजादा में दिखाई दिए थे.

# अर्जुन कानूनगो, शर्ली सेतिया नए एल्बम इंडस्ट्री 2 के लिए साथ आए



गायक–अभिनेता अर्जुन कानूनगो अपने एल्बम इंडस्ट्री के दूसरे वर्जन के साथ वापसी कर रहे हैं। इंडस्ट्री 2 टाइटल वाले इस एल्बम में वह शर्ली सेतिया के साथ काम करते नजर आएंगे। एल्बम में टोक्यो में फिल्माए गए संगीत वीडियो हैं, जो भाषा की बाधा को तोड़ते हैं, जिसके कारण भारतीय कलाकार वहां शूटिंग करने से बचते थे।टोक्यो में शाटिंग करने के उनके फैसले ने उन्हें इस जीवंत और आश्चर्यचिकत कर देने वाले शहर को जानने का मौका दिया। इसने व्यापक अंतराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचने के दरवाजे भी खोले।शर्ली सेतिया ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि अर्जुन के साथ इंडस्ट्री 2 पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। हमने कुछ बहुत खास बनाया है, लेकिन अपने फैंस के लिए सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए एक बिल्कुल नए देश में घंटों मेहनत की है।उन्होंने आगे जिक्र किया, सबसे अच्छी और मेहनती टीम के साथ टोक्यो में शूटिंग करना निश्चित रूप से मेरे लिए इस एल्बम का हिस्सा बनाना सबसे अच्छा रहा। इंडस्ट्री 2 मेरे द्वारा पहले की गई किसी भी चीज से भिन्न है, और मैं इसे हर किसी के सुनने का इंतजार नहीं कर सकती।अर्जुन की इंडस्ट्री, जो पिछले साल रिलीज हुई थी, एंथेमिक पॉप–सोल धुनों से भरपूर थी, यह एल्बम प्यार, महत्वाकांक्षा और आत्म–खोज जैसे विविध आख्यानों को दर्शाता है।

# करीना कपूर की द क्रूकी रिलीज डेट का ऐलान, 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी

एकता कपूर और रिया कपूर की फिल्म द क्रू काफी समय से चर्चा में है। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी तीन महिलाओं पर आधारित है। फिल्म में करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की तिकड़ी देखने को मिलेगी। हाल ही में फिल्म की शूटिंग खत्म होने की खबर आई थी। अब फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

फिल्म अपने कलाकारों की वजह से शुरू से ही चर्चा में है। निर्माता जोड़ी एकता और रिया कपूर ने 2018 की फिल्म वीरे दी वेडिंग के बाद फिर से हाथ मिलाया है। लोगों की दिलचस्पी का कारण करीना, कृति और तब्बू की साझेदारी भी है। पहली बार ये तीनों पर्दे पर एक साथ नजर आएंगी। इनके साथ गायक–्अभिनेता दिलजीत



दोसांझ भी इस फिल्म में नजर आएंगे। ऐसे में हर किसी को फिल्म की रिलीज डेट जानने की उत्सुकता थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कपिल शर्मा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वह इस फिल्म में एक अनोखी भूमिका निभाएंगे। ज्विगाटो के बाद अब वह इस फिल्म में दिखेंगे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ की एंट्री ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसकी घोषणा करते हुए रिया ने कहा था, दिलजीत को कास्ट में शामिल करने के लिए हम रोमांचित हैं। यह फिल्म बहुत खास होने वाली है, यह आपके द्वारा पहले देखी गई किसी भी एंटरटेनर फिल्म से अलग होगी।

द क्रू का निर्देशक राजेश कृष्णन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म द क्रूकी कहानी अलग–अलग आयु वर्ग की 3 महिलाओं के जीवन के इर्द–गिर्द घूमेगी। ये तीनों महिलाएं कुछ अलग करना चाहती हैं, लेकिन उनकी किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा होता है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com